

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 13 जनवरी 2025

संवत 2081, पौष शुक्ल पूर्णिमा- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 128 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ लोहड़ी : खुशियों का संदेशवाहक पर्व

'आशिकी 3 में हमें मासूम एक्ट्रेस चाहिए', तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को अनुराग बसु ने बताया गलत ◂◂ 6


## पीएम मोदी का जनता को लोहड़ी का तोहफा, जैड-मोड़ सुरंग का किया उद्घाटन



**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण जैड-मोड़ सुरंग के उद्घाटन के वास्ते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीनगर पहुंचे हैं। इस दौरान पीएम. मोदी ने सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम. नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, जम्मू-कश्मीर के एल.जी. मनोज सिन्हा, सी.एम. उमर अब्दुल्ला सहित कई अन्य गणमान्य मौजूद थे।

यह जानकारी के अनुसार सुरंग के पूर्वी पोर्टल पर पीएम. मोदी ने उद्घाटन किया। इसके बाद पी.एम. मोदी सहित मौके पर मौजूद सभी गणमान्यों द्वारा सुरंग का निरीक्षण किया गया।

### सरकार ने छात्रों के हित में लिया फैसला

# आठवीं कक्षा के करीब 5 लाख छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराएगी साइकिल

## अप्रैल 2025 में शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों का दी जाएगी साइकिल

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड सरकार ने राज्य के छात्र-छात्राओं के हित में अहम फैसला लिया है। दरअसल, सरकार आठवीं कक्षा के करीब 5 लाख छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराएगी जिससे स्टूडेंट्स का स्कूल जाना आसान हो जाएगा।

जानकारी के मुताबिक यह साइकिल अप्रैल 2025 में शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में दी जाएगी, ताकि बच्चे साइकिल से स्कूल आ-जा सकें। अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। विभाग ने साइकिल वितरण का प्रस्ताव तैयार कर भेज दिया है। फरवरी और मार्च में टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मई 2025 से साइकिल बांटने का काम शुरू हो जाएगा। टेंडर प्रक्रिया में कोई दिक्कत आई तो सरकार छात्रों के खाते में साइकिल खरीदने की राशि डाल सकती है।

बता दें कि झारखंड में तीन साल साइकिल का वितरण नहीं हुआ। इस वजह से सरकार ने इस मद की तीन साल की राशि 15 लाख छात्र-छात्राओं के बीच वितरित की। यह राशि 2024 में नौवीं, 10वीं और 11वीं के छात्र-छात्राओं में वितरित की गई। साइकिल की यह राशि 2020-21, 2021-22 और 2022-23 के लिए छात्र-छात्राओं को दी गई। बता दें कि साइकिल वितरण के लिए कई बार टेंडर हुआ, लेकिन एक ही कंपनी की ओर से बार-बार टेंडर दिये जाने के कारण उन्हें साइकिल की आपूर्ति की जिम्मेदारी नहीं दी जा सकी।



## जमीनी विवाद में प्रधान को मारी गोली, घायल

**साहिबगंज/ मंडरोः** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के प्रधान महादेववरण निवासी होली कोडा प्रत्येक दिन की तरह आज भी टहलने के लिए सुबह घर से निकले थे। इस दौरान सुबह लगभग साढ़े छह बजे जंगल से एक व्यक्ति अचानक निकल कर आया और अंधाधुन गोली चलाना शुरू कर दिया। प्रधान ने अपने आप को बचाने की कोशिश लेकिन उन्हें गोली लग गई। घायल प्रधान ने बयान देते हुए कहा कि जमीन विवाद को लेकर हमे गोली मारी गई है। घटना की सूचना मिर्जाचौकी थाना प्रभारी को मिलते ही अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर घायल प्रधान को आनन फानन मे बेहतर इलाज के लिए जिला सदर अस्पताल भेजा । जहां से डाक्टर ने उन्हें मालदा रेफर कर दिया । खबर लिखे जाने तक थाना प्रभारी इस मामले को लेकर कानूनी प्रकिया कर रहे थे।

## धधक रहा लॉस एंजिल्स, अब तक 24 लोगों की मौत



**लॉस एंजिलिसः** लॉस एंजिलिस और उसके आसपास धधक रही जंगल की आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इससे पहले 16 मौतों की सूचना मिली थी। अमरीकी राष्ट्रपति जो बाईडेन ने पहले कहा था कि लॉस एंजिल्स की आग से मरने वालों की संख्या बढ़ने की संभावना है क्योंकि कई लोग लापता हैं।

कैलिफोर्निया में मंगलवार से कई बार जंगल की आग लगी है, जिसके कारण हजारों लोगों को पलायन करना पड़ा है। लॉस एंजिल्स पुलिस विभाग ने कैलिफोर्निया में लगी विनाशकारी जंगल की आग में से एक, केनेथ फायर को शुरू करने वाली आगजनी के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है।

## उत्तराखंड : पौड़ी में सड़क दुर्घटना छह की मौत, 22 घायल

**नई दिल्लीः** उत्तराखंड के पौड़ी जिले के श्रीनगर क्षेत्र में रविवार को एक बस के खाई में गिरने से छह यात्रियों की मृत्यु हो गयी तथा 22 अन्य लोग घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआएफ) से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटना दहलचौरी के पास उस समय हुई, जब बस अनियंत्रित होकर सड़क से 100 मीटर नीचे खाई में जा गिरी।

एसडीआरएफ ने बताया कि हादसे के समय बस पौड़ी से दहलचौरी जा रही थी और वाहन में कुल 28 लोग सवार थे। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना में पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य यात्री ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

एसडीआरएफ के मुताबिक, दुर्घटना के बाद बचाव अभियान संचालित करने में स्थानीय लोगों ने भी मदद की और घायलों को निकाल कर पौड़ी के जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

एसडीआरएफ ने बताया कि घायलों में से आठ लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए श्रीनगर स्थित स्वास्थ्य केंद्र स्थानांतरित किया गया। पौड़ी के जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव अभियान पर निगरानी रखी।


उन्होंने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। धामी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।

## आईपीएल 2025 की तारीखों का हुआ ऐलान, सामने आई तारीख

**नई दिल्लीः** आईपीएल 2025 के आयोजन की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को मुंबई में हुई विशेष आम बैठक के बाद यह जानकारी दी कि इंडियन प्रीमियर लीग का 18वां संस्करण 23 मार्च 2025 से शुरू होगा और इसका फाइनल 25 मई 2025 को खेला जाएगा।

**आईपीएल 2025: कब और कहां होगा आयोजन? :** राजीव शुक्ला के अनुसार, आईपीएल 2025 का आयोजन 23 मार्च से शुरू होकर 25 मई तक चलेगा। यह टूर्नामेंट भारतीय क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक उत्साहपूर्ण अनुभव होगा, खासकर मेगा ऑक्शन के बाद, जहां कई बड़े नामों ने अपनी नई टीम पाई।

आईपीएल 2025 में हुई मेगा ऑक्शन की चर्चाः इस बार आईपीएल के मेगा ऑक्शन में ऋषभ पंत ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 27 करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जायंट्स द्वारा खरीदे गए। इसके अलावा, श्रेयस अय्यर को पंजाब




किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने। वहीं, केकेआर ने वेंकटेश अय्यर को 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा, जो अब तक के सबसे महंगे ऑलराउंडर बन गए हैं।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम चयन प्रक्रिया की जानकारी :** बीसीसीआई की बैठक के दौरान राजीव शुक्ला ने आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के चयन से जुड़ी जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि टीम इंडिया के चयन की बैठक 18 या 19 जनवरी को होगी। इस समय तक इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश जैसी टीमों ने अपनी टीमों का ऐलान कर दिया है। बीसीसीआई की बैठक में कुछ अहम पदों पर बदलाव भी हुआ है। देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को बीसीसीआई का नया सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया। दोनों ने निर्विरोध चुनाव जीते और अपने पदों पर काबिज हुए।

## नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले चोर को मां ने करंट लगाकर मार डाला

**साहिबगंजः** जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना में, एक मां ने अपनी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने वाले चोर को करंट लगाकर मार डाला। यह घटना राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में बीते शनिवार की रात हुई। पुलिस के अनुसार, आरोपी महिला अपने पति से अलग रहती थी और अपनी नाबालिग बेटी के साथ रहती थी। एसपी के निर्देश के अनुसार घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ राजमहल के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसने शव की पहचान हुई और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया, इस मामले में पता चला है कि मृतक राजू मंडल हर महीना या दूसरे महीना में महिला के घर में घुसकर कुछ सामान चुराता था और उनकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करता था।

## रुपये ने फिर बनाया गिरने का रिकॉर्ड डॉलर के मुकाबले 27 पैसे गिरकर खुला



**नई दिल्लीः** भारतीय मुद्रा रुपये ने गिरने का एक बार फिर नया रिकॉर्ड कायम किया है। सोमवार 13 जनवरी 2025 को रुपया लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज करते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया । शुरूआती कारोबार में रुपया 27 पैसे टूटकर 86.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ ।

रुपया के टूटने का कारणः विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अस्थिरता, मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट ने रुपये पर दबाव डाला । रुपया 86.12 प्रति डॉलर पर खुला और शुरूआती सौदों में 86.31 तक गिर गया । यह शुक्रवार के बंद भाव 86.04 के मुकाबले 27 पैसे की गिरावट है ।

डॉलर सूचकांक और बॉन्ड यील्डः अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार के शुरूआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा को दशार्ने वाले डॉलर सूचकांक 0.22% बढ़कर 109.72 पर पहुंच गया । इसके अलावा, 10-वर्षीय अमेरिकी बॉन्ड यील्ड अक्टूबर 2023 के बाद अपने उच्चतम स्तर 4.76% पर पहुंच गया ।

कच्चे तेल की कीमतेंः अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमतें 1.44% बढ़कर 80.91 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गईं । कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें रुपये पर अतिरिक्त दबाव बना रही हैं।

# महाकुंभः प्रयागराज में आस्था का महासंगम, अब तक 60 लाख से ज्याद भक्तों ने लगायी पवित्र डुबकी

**प्रयागराजः** प्रयागराज में संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ आया है। यानी कि प्रयागराज 45 दिन के लिए सनातन का सबसे बड़ा शक्ति-केंद्र बन गया है। सोमवार, 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान के साथ महाकुंभ की शुरूआत हो गई है। अब तक 60 लाख से ज्यादा भक्त पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अब यह दौर महाशिवरात्रि यानी 26 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान कुल छह शाही स्नान होंगे। जैसे गंगा-यमुना और अदृश्य सरस्वती की धाराएं हजारों किलोमीटर की यात्रा कर-के प्रयाग में मिलती हैं, वैसे ही सनातन आस्था के प्रतीक चारों शंकराचार्य, शैव-वैष्णव, उदासीन सहित सभी अखाड़ों के महामंडलेश्वर, सभी परंपराओं के जगद्गुरु, सिद्ध योगी और संत-महंत पौष पूर्णिमा (13 जनवरी) से महाशिवरात्रि (26 फरवरी) तक संगम किनारे विराजमान होंगे।




चारों धाम, सात पुरियों सहित सभी प्रमुख तीर्थों के प्रतिनिधि और उत्सव मूर्तियां, प्राचीन व आधुनिक मत-संप्रदायों की विभूतियां एक स्थान पर दर्शन देंगी। इनका कठिन तप, लाखों मंत्र पाठ, जप-कीर्तन और यज्ञ आहुतियां त्रिवेणी तट को सनातन का शक्ति-केंद्र बनाएंगी। महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि पौष पूर्णिमा स्नान पर्व से महाकुंभ का श्रीगणेश होने जा रहा है। इसके दूसरे दिन मंगलवार को मकर संक्रांति पर्व के पुण्य अवसर पर अखाड़ों का अमृत स्नान होगा। दोनों ही पर्वों पर हेलिकाप्टर से स्नान घाटों पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कराई जाएगी। प्रयाग वही दिव्य स्थान है, जहां खुद ब्रह्मा जी ने यज्ञ करके सृष्टि का सृजन किया। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश से बनने वाले सुयोग में अमृत-आचमन की आकांक्षा लिए देश-दुनिया के करोड़ों तीर्थयात्री प्रयागराज आते हैं।

अमृत लाभ का यह संकल्प इस महापर्व को सनातन ही नहीं, दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन बनाता है। यूपी सरकार ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम के लिए महाकुभ क्षेत्र को 76वां अस्थायी जिला बनाया है। 40 वर्ग किलोमीटर में फैले मेला क्षेत्र में 40 करोड़ से अधिक तीर्थयात्रियों के आने का अनुमान है। केंद्र और यूपी सरकार ने इसके लिए 6,382 करोड़ रुपए का बजट रखा है। इलाहाबाद का नाम प्रयागराज होने के बाद पहले कुभ में जिला के बाहरी हिस्से से संगम तक सात लेयर की सुरक्षा व्यवस्था है। मेले में 56 थाने, 60 फायर स्टेशन और तीन महिला थाने बनाए गए हैं। 37 हजार पुलिसकर्मी, 14 हजार होमगार्ड सहित 50 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। एनएसजी सहित केंद्रीय एजेंसियां भी तैनात हैं। 2700 सीसीटीवी कैमरा और 340 एआई से लैस कैमरे 24 घंटे मेले की निगरानी करेंगे। सुरक्षित स्नान के लिए 25 हाईटेक जेट स्की जल पुलिस को दी गई हैं। 30 अस्थायी पांटून पुल, 2.69 लाख चकर्ड प्लेट से 650 किलोमीटर सडक बनी है। मेला क्षेत्र में 200 बेड का अस्पताल भी बनाया गया है। नौ पक्क घाट और 12 किलोमीटर क्षेत्र में 50 अस्थायी घाट भी बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में 102 पार्किंग हैं, जिनमें पांच लाख वाहन खड़े हो सकेंगे। इनमें भुगतान फास्टैग से होगा।

## महाकुंभ में अब नहीं खोएंगी बहनें; झारखंड की रहने वाली सीता-ललिता ने अपनायी तरकीब, रह गए सब दंग

**रांचीः** कुंभ मेले में अलग होना और दशकों बाद फिर से मिलना बॉलीवुड फिल्मों की एक आम कहानी है। मगर, ऐसा नहीं है कि यह सिर्फ फिल्मी कहानियां हैं, बल्कि ऐसी कई घटनाएं वास्तव में हुई हैं, जहां लोग बड़े पैमाने पर मेले में खो गए। मगर इस बार के महाकुंभ मेले में ऐसी किसी भी स्थिति से बचने के लिए दो बहनों ने एक नई तरकीब निकाली। वह एक दूसरे से बंधीं नजर आईं।

लाल रिबन से बांधाः झारखंड की रहने वाली बहनों गीता और ललिता ने एक दूसरे के हाथ में पहनी चूड़ियों को लाल रिबन से बांध दिया है। वे पिछले दो दिनों से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक-दूसरे से बंधकर घूम रही हैं। उनका कहना है कि वे रिबन को सिर्फ शौचालय जाने के समय खोलती हैं। जब तक महाकुंभ में रहने वाली हैं तब तक वह ऐसे ही बंधी रहेंगी।

न्यूज ब्रीफ



## ठंड से अभी राहत नहीं, गिरेगा पारा मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

**जमशेदपुरः** झारखंड में ठंड का सितम लगातार जारी है। राज्यवासियों को अभी ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है। प्रदेश में एक शहर का पारा माइनस में पहुंच चुका है।

बताया जा रहा है कि राज्य में एक शहर मैक्लुस्कीगंज का तापमान -1 डिग्री दर्ज किया गया, यानी झारखंड का मौसम फिलहाल कश्मीर और शिमला को टक्कर दे रहा है। ठंड से लोगों को कोई राहत मिलने वाली नहीं है। बीते शनिवार को राज्य में इस साल का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। प्रदेश के कई जिलों का तापमान 5 डिग्री के नीचे पहुंच गया है। झारखंड की राजधानी रांची में बीते 24 घंटे में जबरदस्त ठंड देखी गई। यहां का न्यूनतम तापमान 6 डिग्री तक पहुंचा। मौसम विभाग ने लोगों को ठंड से सतर्क रहने की चेतावनी जारी की है।

जमशेदपुर की बात करें तो यहां तापमान कम होने की वजह से कनकनी बढ़ गई है। वहीं, सुबह में घना कोहरा देखा गया। इस कारण से भी लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने कहा कि शहर में सुबह और शाम में हल्का कोहरा या धुंध छाया रहेगा। इस दौरान लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को अधिक सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले 2-3 दिनों तक प्रदेश में मौसम ऐसा ही बना रहेगा। हर जिले में न्यूनतम तापमान के 9 डिग्री से नीचे बने रहने की संभावना है। संभावित तापमान की बात करें तो देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ व साहिबगंज में अधिकतम 26 व न्यूनतम 9 डिग्री, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू में अधिकतम 24 डिग्री व न्यूनतम 10 डिग्री, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, खूंटी, गुमला अधिकतम 22 डिग्री व न्यूनतम 8 डिग्री, पूर्वी व पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला खरसावां व सिमडेगा अधिकतम 25 व न्यूनतम 9 डिग्री दर्ज किया जा सकता है।

## सुरक्षाकर्मियों ने जंगल से बरामद किये तीन आईईडी



**रांचीः** पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक जंगल से सुरक्षाकर्मियों ने तीन संवर्धित विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये आईईडी नक्सल विरोधी अभियान में जुटे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए प्रतिबंधित संगठन भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए थे।

पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), कोबरा, झारखंड जगुआर और जिला सशस्त्र पुलिस के जवानों ने नक्सल प्रभावित जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोवाबेरा गांव के पास जंगल में लगाए गए विस्फोटकों का पता लगाया।

उन्होंने बताया कि पांच-पांच किलोग्राम वजनी आईईडी को बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। जिले के कोल्हन क्षेत्र में मिसिर बेसरा समेत शीर्ष माओवादी नेताओं की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस पिछले कई महीनों से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चला रही है।

बेसरा पर एक करोड़ रुपये का इनाम है। जिले के जराइकेला इलाके में मंगलवार को कथित तौर पर माओवादियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गई थी।

## पाता नाच व मुर्गा लड़ाई के साथ लोटा बुरू मेला संपन्न



**सिल्लीः** सुदूर पहाड़ी क्षेत्र लोटा में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर लोटा बुरू मेला धूमधाम से मनाया गया। इस मेले में पाता नाच एवं टुसु प्रर्दशनी आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं मुर्गा लड़ाई में लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई। कई तरह के स्टाल लगाये गये। बैलून फुचका,बदाम की दुकानें भरी हुई थी। संचालन राधिका महतो ने किया। सिल्ली विधायक अमित महतो ने मेला में आए प्रथम, द्वितीय , तृतीय टुसु को पुरुस्कृत किया । वहीं बुढाम से मेला मंच तक मैराथन दौड़ के पुरूष में लगाम के कमलेश कुमार महतो , द्वितीय धनेशयाम महतो तृतीय काशीडीह के भोलु पातर को पुरूस्कार दिया गया। महिला मैराथन में प्रथम माला कुमारी, द्वितीय निशा कुमारी, तृतीय सुमित्रा कुमारी को पुरुस्कृत किया गया। इसी तरह क्वीज ,खेल कूद प्रतियोगिता में आए प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया ।मेला में लोटा पूर्व मुखिया रवि मुंडा मंच पर विराजमान थे।मेला को सफल बनाने में अध्यक्ष विरेन महतो, सचिव मुकेश महतो, कोषाध्यक्ष विजय महतो,मधुसूदन,राजेश,रामपदो, जगदीश, शंकर, रामसिंह, रोहित, विश्वनाथ, विनोद सतथा कमिटी के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# महाकुंभ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं और संत-महात्माओं को सुरक्षा देगी झारखंड पुलिस

**संवाददाता**

**रांचीः** महाकुंभ मेला में झारखंड की ओर से जाने वाले श्रद्धालुओं, संत-महात्माओं को झारखंड पुलिस सुरक्षा प्रदान करेगी। सड़क और रेल मार्ग से जाने वाले श्रद्धालुओं को झारखंड और उत्तर प्रदेश की सीमा पर विशेष रूप से सुरक्षा मुहैया करायी जायेगी। सीमा क्षेत्र में श्रद्धालुओं को ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने की भी




तैयारी कर ली गयी है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में गढ़वा एसपी को जरूरी निर्देश जारी कर दिया है। साथ ही अन्य जिलों के एसपी को भी सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर चाक-चौबंद रहने के निर्देश दिये गये हैं।

यूपी के डीजीपी के अनुरोध पर पुलिस मुख्यालय ने जारी किया आदेशः उत्तर प्रदेश के डीजीपी के अनुरोध पर झारखंड पुलिस मुख्यालय ने यह कदम उठाया है। यूपी के डीजीपी ने झारखंड पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा था कि महाकुंभ मेला का मुख्य आयोजन और स्नान 13 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसके बाद 14 जनवरी, 29 जनवरी, 3 फरवरी, 12 फरवरी और 26 फरवरी मुख्य तिथियां हैं। इस दौरान श्रद्धालु, संत महात्मा के आवागमन के मूल स्थान और रेल व सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा महत्वपूर्ण है।

युवा दिवस पर कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा-

# स्वामी विवेकानंद का जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक

**संवाददाता**

**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बीते रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर स्वयंसेवी संस्था विकास भारती बिशुनपुर द्वारा बरियातू, रांची में आयोजित कला एवं सांस्कृतिक महोत्सव' को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को पूरे देश में राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन भारत माता के गौरव और सम्मान का प्रतीक है। उनका व्यक्तित्व और उनके विचार आज भी हमारे समाज को प्रेरित करते हैं और हम सभी के लिए मार्गदर्शक हैं। राज्यपाल ने सन 1893 में शिकागो में हुए विश्व धार्मिक महासभा में स्वामी विवेकानंद द्वारा दिए गए ऐतिहासिक भाषण का



उल्लेख किया, जिसने पूरी दुनिया को भारत की महान संस्कृति और मानवता के संदेश से अवगत कराया। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरण ह्यउठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह संदेश युवा शक्ति को प्रोत्साहित करता है।

राज्यपाल ने विकास भारती बिशुनपुर के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था पद्मश्री अशोक भगत के नेतृत्व में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर प्रयासरत है और अपने कार्यों से समाज में विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने विकास भारती के सदस्यों को निःस्वार्थ सेवा के मार्ग पर चलते हुए लोक-कल्याण की दिशा में और भी सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्टाटर्अप इंडिया,स्किल इंडिया' और मेक इन इंडिया' जैसी पहलों ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत' का सपना तभी पूरा होगा जब हमारे युवा अपनी पूरी ऊर्जा और रचनात्मकता से देश के विकास में योगदान देंगे। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को आत्मसात करें और विकसित भारत में अपना योगदान दें। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्था द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।




## एकल आरोग्य फाउंडेशन ने मनायी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**मुरीः** सिल्ली के राधिका मैदान में आरोग्य फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। सामूहिक रूप से फाउंडेशन के राजनाथ महतो,एकल आरोग्य फाउंडेशन का मार्ग दर्शक मुकुल भाटिया,सावित्री देवी ,संतोषी देवी,विलासों देवी व अन्य लोगो ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद गायत्री मंत्र गया गया,भारत माता की जय,जय श्री राम के नारे के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। एकल आरोग्य के मार्ग दर्शक डॉ मुकुल भाटिया ने कहा कि आज पूरे देश में एकल आरोग्य फाउंडेशन के द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया जा रहा है,इसको मानने का विशेष कारण ये है कि एकल अभियान का प्रारंभ ही स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा से हुई है ।विवेकानंद का यह वाक्य था अगर कोई बच्चा स्कूल तक नहीं पहुंच पा रहा है तो जो स्कूल है उसको विद्यार्थी के पास जाना चाहिए, यही प्रेरणा लेकर एकल अभियान आज से 40 वर्ष पूर्व शुरू हुआ। एकल अभियान आज एक लाख गांव तक पहुंची है, गांव में शिक्षा की ही नहीं स्वस्थ की भी समस्या है एकल आरोग्य अभियान के तहत स्वस्थ और शिक्षा में सेविकाओं के द्वारा गांवों में सेवा देने का काम कर रहे हैं ।कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए छोटे छोटे बच्चों का खेल प्रतियोगिता कार्यकम आयोजित कर बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में संरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह,रमेश जलान,मंदिरा गोराई, राजनाथ महतो, चन्द्र शेखर महतो ,सावित्री देवी, संजू देवी, विलासों देवी,संतोषी देवी,करम सिंह महतो, चन्दन विश्वकर्मा , कृष्णा सिंह , कर्ण सिंह व अन्य लोग शामिल रहे।



## जंगली हाथियों से दहशत

**मुरीः** लोटा के जंगलों में जंगली हाथियों के आने से भयभीत ग्रामीण प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई है। एक दर्जन से अधिक हाथियों का झुंड देखा गया है। हालांकि वन विभाग ने बताया कि हाथियों को कोराम्बो के जंगल तरफ खदेड़ा गया है।गत दिन लोटा बुरू मेला को इसी भय से जल्द समाप्त किया गया।

## पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट

**मुरीः** पूरे दिन भर सिल्ली पुलिस ने बसंतपुर के राढु नदी के किनारे 10 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया। जिसमें 6 टैक्टर लगाए गए। पुलिस ने इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की। पुलिस अफीम की खेती करने वालों की खोज में लग गई है।

स्कूल में 80 छात्राओं की शर्ट उतरवाने का मामला

## स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग, सीसीटीवी की होगी जांच

**रांचीः** झारखंड में अभिभावकों के एक संगठन ने रविवार को एनसीपीसीआर को पत्र लिखकर धनबाद के एक स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिसने कथित तौर पर 80 स्कूली छात्राओं को संदेश लिखने के कारण अपनी कमीज उतारने का आदेश दिया था। झारखंड अभिभावक महासंघ (जेएएम) ने प्राचार्य पर शर्मनाक कृत्य' करने का आरोप लगाते हुए और पॉक्सो अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की मांग करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) में शिकायत दर्ज कराई है।

एक अधिकारी ने कहा कि प्राचार्य पर आरोप है कि उन्होंने 10वीं कक्षा की 80 छात्राओं को संदेश लिखने के लिए अपनी शर्ट उतारने का आदेश दिया, जिसके बाद प्रशासन ने जांच शुरू कर दी। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि




लड़कियों को बिना शर्ट के ब्लेजर में घर लौटने के लिए मजबूर किया गया। अधिकारी ने बताया कि धनबाद प्रशासन द्वारा गठित जांच समिति सोमवार को जोरापोखड़ थानाक्षेत्र के दीगवाहडीह में विद्यालय जाएगी।

जेएएम के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा, छात्राएं पेन डे' मना रही थीं। लेकिन, संदेश लिखने के लिए शर्ट उतारने और उन्हें ब्लेजर में घर भेजने का आदेश प्राचार्य का शर्मनाक कृत्य था। इसलिए, हमने प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई के लिए एनसीपीसीआर को लिखा। हमारी शिकायत की एक प्रति एससीपीसीआर को भी भेजी गई है।" अभिभावकों ने यह भी धमकी दी कि यदि प्रशासन प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रहा तो वे 14 जनवरी को धरना देंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी मुख्यमंत्री से स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई करने की अपील की है।

मरांडी ने एक्स' पर लिखा, स्कूल प्रबंधन ने अनुशासन के नाम पर अमानवीयता की सारी हदें पार कर दी हैं। इस कृत्य के कारण सैकड़ों छात्राओं को मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ी है। आश्चर्य की बात यह है कि छात्राओं से दुर्व्यवहार करने के आरोपी प्राचार्य को अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।" इस बीच, एक महिला संगठन ने सोमवार शाम को घटना के विरोध में कैंडल मार्च निकालने की घोषणा की है।

# धार्मिक आस्था का महापर्व है टुसू

**संवाददाता**

**मुरीः** छोटा नागपुर के महत्वपूर्ण पर्व त्योहारों में से एक पर्व है टुसू। धार्मिक आस्था का महापर्व है टुसू। सभी समुदायों के किसान , मजदूर ,गरीब और मध्यम वर्ग के लोग अपने परिवार के लोगों के साथ टुसू परब मनाना ज्यादा पसंद करते हैं। इस पर्व की अपनी एक धार्मिक महिमा है, टुसू डिनी सेवा का पर्व है।।यह त्योहार अगहन संक्रांति को टुसू थापना के साथ सुरु हो जाता है। यह त्योहार कृषि मूलक और गैर वैदिक त्योहार है। महिलाओं द्वारा पूरे महीने भर मंडली और संध्या बाती देकर टुसू महिमा का बीत गाती हैं। यह त्योहार धान की खेती से जुड़ा त्योहार है। करम आखड़ा मुरी के भगीरथ महतो बताते हैं कुड़मी समुदाय की जो बारह मासे तेरह पर्व है उसमें टुसू सबसे बड़ा त्योहार है। टुसू पर्व में गायी जाने वाले गीत कुड़माली भाषा में ही ज्यादा है। टुसू पर्व के गीत में गांव वन, जंगल, नदी, नाला, पहाड़, पर्वत, खेती- बाड़ी और शादी ब्याह से संबंधित होता है। लोग



इसे टुसू के बलिदान के रुप में भी मनाते हैं। टुसू पर्व आपसी भाईचारा और मेल जोल का त्योहार है। यह त्योहार जात पात, ऊंच- नीच, छुआ-छूत व राग द्वेष को मिटाता है तथा प्रेम और भाईचारा लाता है। टुसू परब से पहले चाउर धआ गुंड़ी कुटा और बांउड़ी होता है। बांउड़ी के दिन पिठा बनता है पिठाओं में गुड़ पिठा,आगबा गुड़ेक पिठा, गरहउआ पिठा,उंधि पिठा,आलति पिठा,आरू पिठा,मसला पिठा आदि बनता है। मुढ़ी चिउड़ा और नारियल का लड्डू भी बनता है।इस दिन मुढ़ी चिउड़ा दही दुध और गुड़ खाने का भी चलन है। गरीब और असहाय लोगों को दान भी दिया जाता है।सभी समुदाय के घरों में इस परब में पीठा और मांस भात बनता है। पुस संक्रांति के दिन सुबह गीत गाकर गांव में टुसू को घुमाया जाता है। उसके बाद गाजे बाजे के साथ टुसू को मेला परिसर में ले जाकर नदी या किसी जलाशय में विसर्जित कर दिया जाता है और नाहन स्नान कर टुसू से अपने परिवार की मंगल कामना करके दान पुण्य कर गुड़ चिउड़ा दही और पिठा खाकर लोग घर वापस आते हैं। टुसु परब झारखंड, बंगाल के पुरुलिया ,बांकुड़ा, पश्चिम मेदिनीपुर ,झाड़ग्राम उड़िसा के सुंदर गढ़, मयुरभंज और क्योंझर आदि जगहों में मुल रुप से मनाया जाता है। इसके अतिरिक्त यह त्योहार असम में भी मनाया जाता है।प्रमुख मेलाओं में बांधा घाट मेला तुलीन, सतीघाट मेला बारेंदा सोनाहातु, मुरी टुंगरी मेला,हरिहर मेला कोंचो सिल्ली ,चपद बानसिनि मेला,भेलुआ टुंगरी मेला लेंगहातु,सुईसा मेला,राम मेला तिरुलडीह ,जयदा मेला चांडिल, सूर्य मेला बुंडू,बानसिनि मेला कांसरा,पांच शहीद सत्य मेला झालदा,माठा मेला,गौतम धारा मेला, हुंडरू मेला,राजरप्पा मेला जैसे सैकड़ों मेला सुवर्णरेखा नदी दामोदर नदी कंसावती नदी और इसकी सहायक नदियां के किनारे लगते हैं सुवर्णरिखा नदी को यहां के लोग बड़ो (बड़अ)नदी की उपाधि देते हैं। टुसू मेला महीना भर चलता है घुर्ति सती घाट मेला के साथ ही टुसू मेला का समापन हो जाता है ।पहला माघ कुड़माली नववर्ष का दिन होता है।इसे लोग आखाईन जातरा कहते हैं।आखाईन जातरा के बाद पीठा लेकर लोग अपने बहिन बेटी घर गोतियारी जाते हैं। पाटन के जंगलों से लकड़ियों की अवैध कटाई, मूकदर्शक बना वन विभाग ळङ्ग्स्त्र 2% ? 122।62 ळं१ ळंल्ल्13 खंल्ल 2025 11:20 अट ढँ४ पलामू : जिले के पाटन के नावाखास बीट के जंगलों से लकड़ियों की अवैध कटाई हो रही है। लेकिन वन विभाग कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जंगलों से पेड़ों की कटाई में वन विभाग के कर्मियों की मिलीभगत है। इसमें कुछ स्थानीय लोग भी शामिल हैं। कुछ ग्रामीण लकड़ी तस्करों में मिलकर कीमती लकड़ियां कटवाने में लगे हैं। रूदीडीह नर्सरी से हो रही कीमती लकड़ियों की कटाई जानकारी के मुताबिक, जानकारी के मुताबिक, रूदीडीह नर्सरी से वन क्षेत्रों में कीमती लकड़ियों की कटाई की जा रही है। लेकिन वन विभाग के अफसर से लेकर वनरक्षी सभी मूकदर्शक बने हुए हैं। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि वन विभाग के लोगों की मिलीभगत से ही वनों से कीमती लकड़ियां काटी जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पिछले साल हुई मॉब लिंचिंग की जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन, जेएसएमसी ने लिया घटना पर संज्ञान

**रांचीः** झारखंड के सरायकेला-खरसवां में पिछले साल दिसंबर में एक व्यक्ति की भीड़ ने हत्या कर दी थी। इस मामले की जांच के लिए झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग (जेएसएमसी) के अध्यक्ष हेदायतुल्ला खान की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया था। ऑल इंडिया माइनॉरिटी वेलफेयर फ्रंट के प्रवक्ता सरफराज हुसैन ने एक चिट्ठी इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की थी, जिसके बाद ही जेएसएमसी ने इस घटना पर संज्ञान लिया।

मामले की जांच के लिए किया गया चार सदस्यीय टीम का गठनः समिति के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, हमने शनिवार को खान की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम का गठन किया है और मामले की जांच करने का फैसला किया है। टीम सोमवार को कपाली का दौरा करेगी और मृतकों के परिजनों से मिलकर घटना का विवरण लेगी। जेएसएमसी टीम भी कपाली टाउन काउंसिल ऑडिटोरियम में वरिष्ठ जिला अधिकारियों के साथ एक बैठक भी करेगी।

**जेएसएमसी के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक से मांगी थी कार्रवाई रिपोर्ट** : आठ दिसंबर को आदित्यपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत सपरा में अज्ञात व्यक्तियों के एक समूह ने शेख ताजुद्दीन की पिटाई की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। जेएसएमसी के अध्यक्ष हेदायतुल्ला खान ने कहा कि उन्होंने पिछले साल 26 दिसंबर को सरायकेला-खारसवां जिले के पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी थी, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

**एसपी मुकेश कुमार लुनायत ने बुधवार को बताया था कि उपमंडल** : पुलिस अधिकारी (सरायकेला) को जांच सौंपी गई है और उन्हें एक रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है जिसकी अभी भी जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि घटना के करीब एक सप्ताह बाद अस्पताल में इलाज के दौरान ताजुद्दीन की मौत हुई थी। हालांकि, अबतक इस मामले में चार आरोपियों ने अदालत के समक्ष खुद को सरेंडर कर दिया।

### प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक 16 को , एजेंडो पर होगी चर्चा



**रांचीः** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने 16 जनवरी को समय संध्या 3:00 बजे स्थान ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में बैठक रखी है ताकि 7 जनवरी आम सभा की घोषित उम्मीदवारों के बलावा बाकी बचे कार्यकारी सदस्यों की नियुक्ति की जा सके। और जो भी निष्क्रिय कार्यकारी सदस्य होंगे उनको महासंघ से हटाते हुए नए ऑटो चालक मालिकों को सदस्य की जगह पर नियुक्ति की जाएगी ताकि इस बार की जो भी ऑटो चालक मालिक की लड़ाई लड़ी जाएगी उसे लड़ाई में सभी पदाधिकारी के साथ-साथ सारे कार्यकारी सदस्यों की उपस्थित हो ताकि इस बार की लड़ाई लड़ते हुए जो भी ऑटो चालक मालिक की ऑटो संबंधित समस्या है उन सब समस्याओं को निदान कर सके बाकी जो भी समस्या होगा उसे पर चर्चा बैठक में ही की जाएगी जैसे की परमिट का समस्या हो रांची में नगर निगम द्वारा झज्जर बस का परिचालन करवाया जा रहा है उन सब को बंद करवाना रांची शहर के प्रमुख चौक चौराहों से 50 से 100 मीटर दूरी पर अस्थाई यात्री उतार चढ़ाव पढ़ाओ नहीं रहने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न होना इसलिए सभी प्रमुख चौक चौराहों से हटकर यात्री पड़ाव बनवाना रांची शहर में बिना पहचान एवं बिना वर्दी के बहुत सारे ऑटो चालक ऑटो का परिचालन कर रहे हैं और कुछ ऑटो चालक ऐसा भी है जॉकी नहीं पहचान रहने के कारण गलत काम करना उन सब का भी गलत काम कैसे बंद हो उसे पर भी खास करके चर्चा बैठक में की जाएगी बाकी जो भी एजेंडा होगा वह सब पर भी चर्चा की जाएगी।

### 10 आईपीएस अधिकारियों को मिला प्रमोशन

**रांची :** झारखंड के 10 आईपीएस अधिकारियों को नये साल में सरकार ने तोहफा दिया है। इन अधिकारयों की सैलरी में इजाफा किया गया है। इन सभी आईपीएस अधिकारियों को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड के वेतनमान लेवल-12 ऑफ पे मैटिक्स में प्रमोशन दिया गया है। संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सभी अधिकारी 2016 बैच के हैं। इन अधिकारियों में आईपीएसअधिकारी अंजनी अंजन, सौरभ झा, अमित रेणु, ऋषभ कुमार झा, शम्भु कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह और मुकेश कुमार का नाम शामिल है। सभी को सशर्त प्रोन्नति दी गयी है। जारी अधिसूचना के अनुसार प्रमोशन इस शर्त पर दी गयी है कि इनको उपलब्ध कराये गये प्रशिक्षण के अगले स्लॉट में इनके द्वारा एमसीटीपी फेज 3 ट्रेनिंग पूरी कर ली जायेगी।

### हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने का साहित्योदय संकल्प



**रांचीः** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले ऑनलाइन राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें हिन्दी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम् ने हिन्दी के विकास हेतु साहित्योदय के कार्यों दशार्ते हुए कहा कि हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने हेतु एक व्यापक अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन बिंदु प्रसाद रिद्धिमा ने किया जबकि अध्यक्षता सुनीता श्रीवास्तव साबू ने किया। करीब डेढ़ घण्टे तक चले कार्यक्रम में रांची से रश्मि सिंह, पुष्पा पाण्डेय, ऋतुराज वर्षा, नंदिनी प्रणय, सीमा सिन्हा मैत्री, डॉ आकांक्षा चौधरी, डॉ विनय कुमार वर्मा जादूगर, धनबाद से डॉ सुदेश चुघ, छतीसगढ़ से अनिता मंदिलवार, चंडीगढ़ से गणेश दत्त बजाज और जयपुर से डॉ कंचना सक्सेना ने हिन्दी की वर्त्तमान स्थिति पर अपनी कविताओं के माध्यम से गहन चिंतन करते हुए राष्ट्रभाषा बनाने का संकल्प लिया। सभी को हिंदी सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि साहित्योदय पिछले कई वर्षों से हिन्दी के विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है और सैकड़ों आयोजन कर चुका है। हिन्दी भाषा बोली के साथ-साथ राष्ट्राचेतना, भारतीय सहित्य, सभ्यता, कला और प्राचीनतम संस्कृति के उत्थान में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। खासकर नवोदित कलमकार और घरेलू महिला रचनाकारों के लिए साहित्योदय किसी वरदान से कम नहीं है। अबतक 3 हजार से अधिक लोगों को वैश्विक मंच प्रदान कर चुका है और पूरे विश्व में हिन्दी साहित्य का प्रसार कर रहा है।

# 17 जनवरी से रांची में लगेगा राष्ट्रीय पुस्तक मेला, तैयारियां शुरू

**संवाददता**

**रांचीः** झारखंड की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक नगरी रांची के जिला स्कूल मैदान में बीते रविवार को भूमि पूजन के साथ लगने वाले 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई है। यहां 17 से 26 जनवरी, 2025 तक नए वर्ष में सजेगी अक्षरों की दुनिया और उत्सवों की धूम रहेगी। यहां एक ही छत के नीचे हर आयु वर्ग के पाठकों के लिए हिन्दी, अंग्रेजी की बेइंतहा पुस्तकें उपलब्ध होंगी। समय इंडिया, नई दिल्ली किताबों को पाठकों से जोड़ने की मुहीम के तहत यह पुस्तक मेला लेकर आया है। पुस्तकों से रूबरू होने की समयावधि प्रातः 11 बजे से रात्रि 7-30 बजे तक की होगी। ये जानकारी समय इंडिया के प्रबंध न्यासी चन्द्र भूषण ने आज यहां दी।



भूमि पूजन कार्यक्रम में भूषण के अतिरिक्त मंडप निर्माण करने वाली संस्था के कर्मचारी और प्रतिनिधि के साथ स्थानीय लेखक, जे।बी- पाण्डेय, संध्या पाण्डेय एवं संस्कृतिकर्मी उपस्थित थे। भूषण ने बताया कि इस पुस्तक मेले में भागीदारी को लेकर प्रकाशक एवं पुस्तक विक्रेताओं के बीच खासा उत्साह है और वे अपने साथ नई-पुरानी पुस्तकों की सौगात ला रहे हैं। पुस्तकें बोलेंगी, बातें करेंगी और ऐसी दुनिया में ले जायेंगी जहां आप थोड़ा संवेदनशील और मानवीय होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्देश्य समाज में पुस्तकों के प्रति पनप रही उदासीनता की भावना को खत्म करना और किताबों के करीब पुस्तक प्रेमियों को लाना है। पुस्तक मेले में जिन प्रकाशकों एवं पुस्तक विक्रताओं की स्वीकृति मिल चुकी है उनमें राजपाल एण्ड संस, प्रकाशन संस्थान, समय प्रकाशन, यश प्रकाशन, लक्ष्मी प्रकाशन, नैय्यर बुक सर्विस, वर्मा बुक कम्पनी, रोहित बुक कम्पनी, विकल्प प्रकाशन, आर्यन बुक कम्पनी (नई दिल्ली), हिन्द युग्म (गौतम बुद्ध नगर), दिव्यांश प्रकाशन (लखनऊ), योगदा सत्संग सोसायटी ऑफ इंडिया, क्राउन पब्लिकेशन, झारखंड झरोखा, गीता प्रेस (रांची) कबीर ज्ञान प्रकाशन केन्द्र (गिरिडीह) आदि प्रमुख हैं। भूषण ने बताया कि मेले के दौरान स्कूली बच्चों के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम रखे गए हैं जिनमें कविता-कहानी सुनाओ प्रतियोगिता, बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, बच्चों की गायन प्रतियोगिता, बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आदि प्रमुख हैं। बच्चों की यह सभी प्रतियोगिताएं निःशुल्क होंगी। पुस्तक प्रेमियों को कवियों एवं कवयित्रियों की कविताओं को करीब से सुनने का मौका पुस्तक मेले में मिलेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पुस्तक प्रेमियों के दिल जीतने के लिए होंगे।

## साबू थंडर स्ट्राइकर्स बने एमपीएल सीजन 12 के विजेता, राठी रॉयल्स उपविजेता



**संवाददता**

**रांचीः** माहेश्वरी प्रीमियर लीग (एमपीएल) सीजन 12 का समापन उत्साह और रोमांच के साथ हुआ, जहां साबू थंडर स्ट्राइकर्स, जिसके मालिक आयुष साबू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। उपविजेता राठी रॉयल्स टीम जिसे गौतम राठी के नेतृत्व में खेला गया, पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। रांची जिमखाना क्लब में आयोजित इस टूर्नामेंट में 10 से 12 जनवरी के बीच 8 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों का जुनून और दर्शकों का जोश अपने चरम पर था। इस ऐतिहासिक आयोजन में माहेश्वरी समाज के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में झारखंड बिहार प्रदेश माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष राज कुमार मारू और झारखंड बिहार माहेश्वरी युवा संगठन के अध्यक्ष विवेक साबू की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया। इसके अलावा, रांची माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू और सचिव नरेंद्र लखोटिया, महिला समिति की अध्यक्ष भारती चितलांगिया और सचिव बिमला फलोर सहित कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।

साबू थंडर स्ट्राइकर्स के हर खिलाड़ी ने फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जबकि राठी रॉयल्स ने अपनी रणनीतियों और टीम भावना से सबका दिल जीता। पूरे टूर्नामेंट के दौरान समाज के सदस्यों की सहभागिता और चौंपाल समिति के सहयोग से यह आयोजन समाज के लिए प्रेरणादायक बन गया। माहेश्वरी प्रीमियर लीग का यह सीजन समाज में खेल और एकता का प्रतीक बनकर उभरा। इस आयोजन ने न केवल खिलाड़ियों को एक मंच दिया, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने का भी काम किया। एमपीएल सीजन 12 की सफलता सभी की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। विजेता और उपविजेता टीमों को बधाई देते हुए समाज के सभी सदस्यों ने इस आयोजन को माहेश्वरी समाज का गौरव बताया।

## गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर समागम



**रांचीः** गुरु गोबिंद सिंह महाराज के 358वें प्रकाश पर्व पर आयोजित दो दिवसीय समागम रविवार को संपन्न हो गया। रातू रोड में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा सजाये गये तीसरे और अंतिम दीवान की शुरूआत सुबह 11 बजे हुई। स्त्री सत्संग सभा ने खालसा मेरो रूप है , तहीं प्रकाश हमारा भयो पटना शहर विखे भव लयो, शबद गायन किया। हजूरी रागी महिपाल सिंह ने राजन के राजा महाराजन के महाराजा,, वाहो वाहो गोबिंद सिंह जी कलगीयां वाले गोबिंद सिंह जी, शबद गायन कर संगत को निहाल किया।

ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन कियाः गुरुद्वारा के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी जिवेंदर सिंह ने कथा वाचन किया। सिख पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी जत्था गुरमन प्रीत सिंह दिल्ली वाले ने इन्हीं की कृपा से सजे हम हैं, नहीं मो सो गरीब करोर पड़े हैं, ओहना के मुख सदा उजले ओहना नु सब जगत करे नमस्कार,मितर प्यारे नु हाल मुरीदां दा कहना जैसे कई शबद गायन किये। सत्संग सभा के प्रधान द्वारका दास मुंजाल एवं सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने गुरमन प्रीत सिंह एवं साथियों को गुरु घर का सरोपा ओढ़ाकर सम्मानित किया। सत्संग सभा के सचिव अर्जुन देव मिढ़ा ने स्त्री सत्संग सभा की सेवा की विशेष प्रशंसा की। वहीं रक्तदान शिविर में 29 लोगों ने रक्तदान किया।

## झारखंडः 2 से 4 डिग्री तक बढ़ा न्यूनतम तापमान

**रांचीः** झारखंड की राजधानी रांची समेत कई जिलों का न्यूनतम तापमान एक दिन में (रविवार को) 2 से 4 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ गया। अधिकतम तापमान भी 23 से 28 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच रहा। सबसे अधिक ठंड चाईबासा में रही। सबसे तेज धूप डाल्टेनगंज में खिली। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 28 डिग्री से भी ऊपर रहा। मौसम केंद्र रांची ने अपने पूवार्नुमान में कहा है कि सोमवार से 18 जनवरी तक न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेंटीग्रेड के आसपास रहेगा। लोगों को अभी सर्दी से राहत मिलेगी, इसकी उम्मीद नहीं दिख रही।

9.6 डिग्री रहा रांची का तापमानः रविवार को राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेसि रहा। जमशेदपुर का न्यूनतम तापमान 9 डिग्री और डाल्टेनगंज का न्यूनतम पारा 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केंद्र ने कहा है कि राजधानी रांची में 18 जनवरी तक आकाश में हल्के बादल छाये रह सकते हैं। राजधानी का पारा 10 से 11 डिग्री सेसि के आसपास रह सकता है। अधिकतम तापमान 25 डिग्री के आसपास रह सकता है।

## लायंस क्लब इंटरनेशनल के गैट कॉन्क्लेव का आयोजन संपन्न

**रांचीः** लायंस क्लब इंटरनेशनल जिला 322 ए द्वारा आयोजित गैट कॉन्क्लेव का आयोजन होटल विवांता जमशेदपुर में संपन्न हुआ। जिसमें गैट एरिया लीडर लायन सुरेश बागला ने मुख्य अतिथि के रूप में जिला 322 ए के सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा लायन इंटरनेशनल विश्व की सबसे बड़ी संस्था है जो समाज के अंतिम पायदान में रहने वाले लोगों तक पहुंचकर सेवा कार्य करती है साथ ही लायंस के नियमों एवं अपने अनुभव को विस्तार पूर्वक उपस्थित सभी लोगों के बीच साझा किया।लायन के सदस्यों की संख्या को कैसे बढ़ाया जाए इस पर विशेष रूप से प्रकाश डाला ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सेवा कार्य किया जा सके।




इस कार्यक्रम में जिला से आए अन्य क्लब के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित जिलापाल लायन सीमा बाजपेई,द्वितीय जिलापाल लायन शुभ्रा मजूमदार,पूर्व जिला पाल लायन माधव लखोटिया,लायन राहुल वर्मा, लायन आनंद चौधरी,लायन कंचन सिंह,लायन राजीव रंजन, लायन राजीव लोचन एवं क्लब के वरिष्ठ सदस्यों सहित लायंस क्लब रांची हरि ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया भी अपनी टीम सचिव लायन अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष ,लायन अंकित सर्राफ, क्लब के प्रशासक सह रीजन चेयरपर्सन रीजन 2 जिला 322 ए के लायन प्रेमशंकर मिश्रा, क्लब के मेंटर लायन सुजीत कुमार, जोन चेयर पर्सन लायन गणेश प्रसाद ,लायन साकेत अग्रवाल एवं मीडिया प्रभारी लायन शिव किशोर शर्मा के साथ उपस्थित थे। मौके पर हरि कनक ग्रेटर के सभी सदस्यों ने उनके विचारों को सुना एवं आगे अमल करने पर सहमति बनाई।

### झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा कमिटि का किया गया विस्तार

# संगठन के विस्तार से संघर्ष को मिलेगा बलः महेश्वर साहु

**संवाददता**

**रांचीः** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने संगठन विस्तार के तहत केंद्रीय समिति में शामिल करते हुए कई लोगों को पदाधिकारी बनाया है। मैकलुस्कीगंज के पत्रकार और पुराने कार्यकर्ता बसंत कुमार पंकज को केंद्रीय संगठन महासचिव बनाया गया है, वहीं खूंटी के अधिवक्ता रहे



राजन चौधरी को केंद्रीय समिति सदस्य और खूंटी जिला का प्रभारी भी बनाया गया है। इसी तरह जरमुंडी (दुमका) निवासी कपिलदेव मंडल को केंद्रीय सदस्य बनाया गया है, जबकि देवघर जिले के सारवां निवासी सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र मंडल को युवा मोर्चा का देवघर जिला अध्यक्ष बनाया गया है। जल्द ही और कई सदस्यों को पदाधिकारी बनाया जायेगा। इन सभी पदाधिकारियों को 18 जनवरी को रामगढ़ जिले के पतरातू डैम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में शपथ ग्रहण कराया जायेगा। केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा को सुदृढ़ बनाने का काम किया जा रहा है। वैश्य समाज की एकता और संगठन के मजबूती से मुद्दों पर संघर्ष को बल मिलेगा।

## सुविचार

**सच्ची सफलता वही है जो ईमानदारी और मेहनत से प्राप्त किया जाये**

## सुस्ती की दस्तक

**नैशनल** स्टैटिस्टिकल ऑफिस के पहले अग्रिम अनुमान में वित्त वर्ष 2025 में जीडीपी ग्रोथ के 6.4% रहने की बात कही गई है, जो अच्छी खबर नहीं है। यह आरबीआई के 6.6% के अनुमान और वित्त वर्ष 2024 की 8.2% की ग्रोथ से काफी कम है।

**बजट से आशा :** इस डेटा के आने के बाद आरबीआई पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव सरकार की ओर से बढ़ सकता है। दूसरी ओर, 1 फरवरी को आने वाले बजट पर भी निगाहें होंगी कि सरकार इकॉनमी को बूस्ट करने के लिए क्या कदम उठाती है।

**केपेक्स में गिरावट :** एनएसओ का मानना है कि मैन्युफैक्चरिंग और निवेश घटने से ग्रोथ पर बुरा असर पड़ने जा रहा है। वित्त वर्ष 2025 में अप्रैल से नवंबर के बीच कैपिटल एक्सपेंडिचर में 12.3% की सालाना गिरावट आई। लोकसभा चुनाव और फिर भारी बारिश की वजह से सरकार यह पैसा इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट पर खर्च नहीं कर पाई, जिससे इकॉनमी पर दबाव बना। वित्त वर्ष के बचे हुए महीनों में इसमें तेजी आने की आशा है, जिससे अर्थव्यवस्था को सपोर्ट मिल सकता है।

**निजी खपत में सुधार :** एनएसओ के अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 में कृषि क्षेत्र की ग्रोथ अच्छी रहेगी और निजी खपत में भी साल भर पहले की तुलना में अच्छा सुधार दिखेगा, लेकिन कैपिटल एक्सपेंडिचर में गिरावट के कारण स्थिति अच्छी नहीं दिख रही है। वहीं, कृषि क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से रूरल डिमांड में रिकवरी हुई है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में मांग कमजोर है। देखना होगा कि अर्बन डिमांड को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या उपाय करती है।

**टैक्स में रियायत :** अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज बनाए रखने के लिए सरकार को डिमांड और निवेश बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। इसका एक विकल्प हो सकता है कि सरकार टैक्स में रियायत दे ताकि लोगों के हाथ में खर्च करने के लिए अधिक पैसा बचे। जब लोग यह पैसा खर्च करेंगे तो इकॉनमी को सपोर्ट मिलेगा।

**कर्ज सस्ता होगा:** अगर फरवरी की बैठक में आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करता है तो उससे भी शहरी उपभोक्ता वर्ग को कम ईएमआई के रूप में राहत मिलेगी। इससे जो बचत होगी, उससे भी डिमांड में बढ़ोतरी हो सकती है। ब्याज दरें कम होती हैं तो कॉरपोरेट सेक्टर की दिलचस्पी भी निवेश में बढ़ती है। वह अपनी क्षमता बढ़ाता है, जिससे रोजगार के मौके बढ़ते हैं, लिहाजा डिमांड मजबूत होती है। अगर 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करना है तो आर्थिक ग्रोथ की रफ्तार तेज करनी होगी।

## जीवन में हो संतुलन

**काम** के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए।

**राष्ट्र निर्माण की आड़ :** देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं।

**क्वॉलिटी का सवाल :** ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे?

**वर्क-लाइफ बैलेंस :** जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क-लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं।

**स्वतंत्र सोच :** बात-बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर एम्प्लॉयी के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

# लोहड़ी : खुशियों का संदेशवाहक पर्व

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है।

### लोहड़ी (13 जनवरी) पर विशेष

**योगेश कुमार गोयल**

उत्तर भारत में मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है लोहड़ी। पंजाब, हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश में खासतौर से पंजाबी समुदाय में तो इस पर्व पर एक अलग ही उत्साह देखा जाता है। यह ऐसा त्यौहार है, जो आधुनिक युग के व्यस्तता भरे माहौल में सुकून भरे कुछ पल लेकर आता है और लोग सारी व्यस्तताएं भूलकर भरपूर जोश और उल्लास के साथ इस पर्व का भरपूर आनंद लेते हैं।

पंजाब तथा जम्मू कश्मीर में तो लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति के रूप में ही मनाया जाता है। सिंधी समाज में भी मकर संक्रांति से एक दिन पहले लोहड़ी के रूप में ह्यलाल लाहीह्न नामक पर्व मनाया जाता है। लोहड़ी को लेकर कुछ लोककथाएं भी प्रचलित हैं। मान्यता है कि कंस ने इसी दिन लोहिता नामक एक राक्षसी को श्रीकृष्ण का वध करने के लिए भेजा था, जिसे श्रीकृष्ण ने खेल-खेल में ही मार डाला था और उसी घटना की स्मृति में यह पर्व मनाया जाने लगा। लोहड़ी पर अग्नि प्रज्जवलित करने के संबंध में एक लोककथा यह भी है कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती के योगाग्नि दहन की स्मृति में ही इस दिन अग्नि प्रज्जवलित की जाती है। लोहड़ी को लेकर सर्वाधिक प्रचलित कथा दुल्ला भट्टी नामक डाकू से संबंधित रही है, जिसे ह्यपंजाबी रॉबिनहुडह्न का दर्जा प्राप्त है।

जिस प्रकार होली जलाई जाती है, ठीक उसी प्रकार लकड़ियां एकत्रित कर लोहड़ी के अवसर पर अलाव जलाये जाते हैं और अग्नि का तिलों से पूजन किया जाता है। जिस दिन यह पर्व मनाया जाता है, उस दिन कड़ाके की ठंड होती है और उत्तर भारत में अधिकांश जगहों पर घने कोहरे के बीच तापमान प्रायः शून्य से पांच डिग्री के बीच होता है लेकिन इतनी ठंड के बावजूद इस पर्व के प्रति लोगों का उत्साह देखते बनता है। लोहड़ी के पावन अवसर पर लोग घरों के बाहर अलाव जलाकर यह पर्व धूमधाम से मनाते हैं। इस पर्व का संबंध उस उत्सव से भी माना गया है, जिसमें सर्दी को अलविदा कहते हुए सूर्यदेव का आह्वान करते हुए कहा जाता है कि वह इस माह अपनी किरणों से पृथ्वी को इतना गर्म कर दे कि ठंड से किसी को कोई नुकसान न पहुंचे और लोग आसानी से सर्दी के मौसम का मुकाबला कर सकें। माना जाता है कि इसी दिन से सर्दी कम होने लगती है। लोग अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर ठंड से बचाव करने के साथ-साथ अग्नि की पूजा भी करते हैं ताकि उनके घर में अग्निदेव की कृपा से सुख-समृद्धि का साम्राज्य स्थापित हो सके।

हरियाणा व पंजाब में जिस घर में नई शादी हुई हो अथवा संतान (लड़के) का जन्म हुआ हो या शादी की पहली वर्षगांठ का मौका हो, ऐसे परिवारों में लोहड़ी का विशेष महत्व होता है। इन परिवारों में लोहड़ी के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल होता है। आसपास के लोगों के अलावा रिश्तेदार भी इस उत्सव में सम्मिलित होते हैं। घर में अथवा घर के बाहर खुले स्थान पर अग्नि जलाकर लोग उसके इर्द-गिर्द इकट्ठे होकर आग सेंकते हुए अग्नि में मूंगफली, गुड़, तिल, रेवड़ी, मक्का के भुने हुए दानों इत्यादि की आहूति देते हैं और रातभर भंगड़ा, गिद्धा करते हुए मनोरंजन करते हैं तथा बधाई देते हैं।

लोहड़ी का संबंध सुन्दरी नामक एक ब्राह्मण कन्या और दुल्ला भट्टी नामक कुख्यात डाकू से जोड़कर देखा जाता रहा है। दुल्ला भट्टी अमीरों का धन लूटकर निर्धनों में बांट दिया करता था। कहा जाता है कि गंजीबार क्षेत्र, जो इस समय पाकिस्तान में है, में एक ब्राह्मण रहता था, जिसकी सुन्दरी नामक एक बहुत खूबसूरत बेटी थी, जो इतनी खूबसूरत थी कि उसके सौन्दर्य की चर्चा गली-गली में होने लगी थी। जब उसके बारे में गंजीबार के राजा को पता चला तो उसने ठान लिया कि वह सुन्दरी को अपने हरम की शोभा बनाएगा। तब उसने सुन्दरी के पिता को संदेश भेजा कि वह अपनी बेटी को उसके हरम में भेज दे। इसके लिए ब्राह्मण को तरह-तरह के प्रलोभन भी दिए मगर ब्राह्मण अपनी बेटी को राजा की रखैल नहीं बनाना जाता था। उसे समझ नहीं आ रहा था कि वह क्या करे? जब उसे कुछ नहीं सूझा तो उसे जंगल में रहने वाले कुख्यात डाकू दुल्ला भट्टी का ख्याल आया, जो गरीबों व शोषितों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहता था। घबराया ब्राह्मण अपनी बेटी सुन्दरी को लेकर उसी रात उसके पास पहुंचा और विस्तार से सारी बात बताई। दुल्ला भट्टी ने ब्राह्मण की व्यथा सुन उसे सांत्वना दी और रात को ही एक योग्य ब्राह्मण लड़के की तलाश कर सुन्दरी को अपनी ही बेटी मानकर उसका कन्यादान अपने हाथों से करते हुए उस युवक के साथ सुन्दरी का विवाह कर दिया।

गंजीबार के राजा को इसकी जानकारी मिली तो वह बौखला उठा। उसके आदेश पर उसकी सेना ने दुल्ला भट्टी के ठिकाने पर धावा बोल दिया किन्तु दुल्ला भट्टी और उसके साथियों ने राजा को बुरी तरह धूल चटा दी। दुल्ला भट्टी के हाथों गंजीबार के शासक की हार होने की खुशी में गंजीबार में लोगों ने अलाव जलाए और दुल्ला भट्टी की प्रशंसा में गीत गाकर भंगड़ा डाला। कहा जाता है कि तभी से लोहड़ी के अवसर पर गाए जाने वाले गीतों में सुन्दरी व दुल्ला भट्टी को विशेष तौर पर याद किया जाने लगा।

लोहड़ी से पहले ही बच्चे इकट्ठे होकर लोहड़ी के गीत गाते हुए घर-घर जाकर लोहड़ी मांगने लगते हैं। इस दिन उत्सव के लिए लकड़ियां व उपले एकत्र करने के लिए भी बच्चे कई दिन पहले ही जुट जाते हैं। वैसे समय बीतने के साथ-साथ अब घर-घर से लकड़ियां मांगकर लाने की परम्परा समाप्त होती जा रही है। बहुत से स्थानों पर लोग अब लकड़ियां व उपले बच्चों के जरिये मांग-मांगकर एकत्र कराने के बजाय खरीदने लगे हैं।

लोहड़ी के दिन सुबह से ही रात के उत्सव की तैयारियां आरंभ हो जाती हैं और रात के समय लोग अपने-अपने घरों के बाहर अलाव जलाकर उसकी परिक्रमा करते हुए उसमें तिल, गुड़, रेवड़ी, चिड़वा, पॉपकॉर्न इत्यादि डालते हैं और माथा टेकते हैं। उसके बाद अलाव के चारों ओर बैठकर आग सेंकते हैं। तब शुरू होता है गिद्दा और भंगड़ा का मनोहारी कार्यक्रम, जो रात्रि में देर तक चलता है और कहीं-कहीं तो पूरी-पूरी रात भी चलता है। अगले दिन प्रातः अलाव ठंडा होने पर मौहल्ले के सभी लोग इसकी राख को ह्यईश्वर का उपहारह्न मानते हुए अपने-अपने घर ले जाते हैं। यह पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आस्था और विश्वास का संगम है गंगासागर

पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं।

### मकर संक्रान्ति पर विशेष

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भारत में सबसे पवित्र गंगा नदी, गंगोत्री से निकल कर पश्चिम बंगाल में सागर से मिलती है। गंगा का जहां सागर से मिलन होता है उस स्थान को गंगासागर के नाम से जाना जाता है। इस स्थान को सागरद्वीप के नाम से भी जाना जाता है। गंगासागर सिर्फ.एक तीर्थस्थल नहीं है। यह भावना, संस्कृति, आस्था और विश्वास का संगम है। जीवन का उत्सव है। धर्म हमेशा से ही इस भूमि की संस्कृति में समाया हुआ है। कुम्भ मेले को छोड़कर देश में आयोजित होने वाले अन्य सभी मेलों में गंगासागर का मेला सबसे बड़ा मेला होता है। हिन्दू धर्मग्रन्थों में इसकी चर्चा मोक्षधाम के तौर पर की गई है। जहां मकर संक्रान्ति के मौके पर दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु मोक्ष की कामना लेकर आते हैं और सागर-संगम में डुबकी लगाते है।

मान्यता के अनुसार साल की 12 संक्रान्तियों में मकर संक्रान्ति का सबसे महत्व ज्यादा है। इस दिन सूर्य मकर राशि में आता हैं और इसके साथ देवताओं का दिन शुरू हो जाता है। गंगासागर के संगम पर श्रद्धालु समुद्र को नारियल और यज्ञोपवीत भेंट करते हैं। समुद्र में पूजन एवं पिण्डदान कर पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में स्नान-दान का महत्व शास्त्रों में विस्तार से बताया गया है। मेले में आये लोग कपिल मुनि के आश्रम में उनकी मूर्ति की पूजा करते हैं। मन्दिर में गंगा देवी, कपिल मुनि तथा भागीरथ की मूर्तियां स्थापित हैं।

मकर संक्रांति पर जैसे ही सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। लाखों तीर्थयात्री पवित्र संगम पर डुबकी लगाते हैं। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन स्नान करने का विशेष महत्व है। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगासागर में जो श्रद्धालु एक बार स्नान करता है उसे 10 अश्वमेध यज्ञ और एक हजार गाय दान करने का फल मिलता है। गंगासागर की तीर्थयात्रा सैकड़ों तीर्थयात्राओं के समान मानी जाती है। पहले गंगासागर जाना हर किसी के लिये सम्भव नहीं होता था। तभी कहा जाता था कि सारे तीरथ बार-बार गंगासागर एक बार। हालांकि यह पुराने जमाने की बात है जब यहां सिर्फ जल मार्ग से ही पहुंचा जा सकता था। आधुनिक परिवहन साधनों से अब यहां आना सुगम हो गया है। पश्चिम बंगाल के दक्षिण चौबीस परगना जिले में स्थित इस तीर्थस्थल पर कपिल मुनि का मंदिर बना हुआ हैं। जिन्होंने भगवान राम के पूर्वज और इक्ष्वाकु वंश के राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया था। मान्यता है कि यहां मकर संक्रान्ति पर पुण्य-स्नान करने से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

सुन्दरवन निकट होने के कारण गंगासागर मेले को कई विषम स्थितियों का सामना करना पड़ता है। तूफान व ऊंची लहरें हर वर्ष मेले में बाधा डालती हैं। इस द्वीप में ही रॉयल बंगाल टाइगर का प्राकृतिक आवास है। यहां दलदल, जलमार्ग तथा छोटी छोटी नदियां, नहरें भी है। बहुत पहले इस स्थान पर गंगा जी की धारा सागर में मिलती थी। किंतु अब इसका मुहाना पीछे हट गया है। अब इस द्वीप के पास गंगा की एक बहुत छोटी सी धारा सागर से मिलती है। यह मेला पांच दिन चलता है। इसमें स्नान मुहूर्त तीन दिनों का होता है। यहां अलग से गंगाजी का कोई मंदिर नहीं है। मेले के लिये एक स्थान निश्चित है। कहा जाता है कि यहां स्थित कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर सागर की लहरें बहा ले गयी थी। मन्दिर की मूर्ति अब कोलकाता में रखी रहती है और मेले से कुछ सप्ताह पूर्व यहां के पुरोहितों को पूजा अर्चना के लिये मिलती है।

गंगासागर में मकर संक्रान्ति से पन्द्रह दिन पहले ही मेला शुरू हो जाता है। मेले में दुनिया के विभिन्न भागों से तीर्थयात्री, साधु-संत आते हैं और संगम में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य देते हैं। मेले की विशालता के कारण लोग इसे मिनी कुंभ मेला भी कहते हैं। मकर संक्रान्ति के दिन यहां सूर्यपूजा के साथ विशेष तौर कपिल मुनि की पूजा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि ऋषि-मुनियों के लिए गृहस्थ आश्रम या पारिवारिक जीवन वर्जित होता है। भगवान विष्णु जी के कहने पर कपिलमुनी के पिता कर्दम ऋषि ने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश किया। उन्होने विष्णु भगवान से शर्त रखी कि भगवान विष्णु को उनके पुत्र रूप में जन्म लेंना होगा। भगवान विष्णु ने शर्त मान ली फलस्वरुप कपिलमुनी का जन्म हुआ जिन्हें विष्णु का अवतार माना गया। आगे चलकर गंगा और सागर के मिलन स्थल पर कपिल मुनि आश्रम बनाकर तप करने लगे।

इस दौरान राजा सगर ने अश्वमेध यज्ञ आयोजित किया। इस के बाद यज्ञ के अश्वों को स्वतंत्र छोड़ा गया। परिपाटी है कि ये जहां से गुजरते हैं वे राज्य अधीनता स्वीकार करते है। अश्व को रोकने वाले राजा को युद्ध करना पड़ता है। राजा सगर ने यज्ञ अश्वों के रक्षा के लिए उनके साथ अपने 60 हजार पुत्रों को भेजा। अचानक यज्ञ अश्व गायब हो गया। खोजने पर यज्ञ का अश्व कपिल मुनि के आश्रम में मिला। फलतः सगर पुत्र साधनरत ऋषि से नाराज हो उन्हे अपशब्द कहने लगे। ऋषि ने नाराज हो कर उन्हें शापित करते हुये अपने नेत्रों के तेज से भस्म कर दिया। मुनि के श्राप के कारण उनकी आत्मा को मुक्ति नहीं मिल सकी। काफी वर्षों के बाद राजा सगर के पौत्र राजा भागीरथ कपिल मुनि से माफी मांगने पहुंचे। कपिल मुनि राजा भागीरथ के व्यवहार से प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा कि गंगा जल से ही राजा सगर के 60 हजार मृत पुत्रों का मोक्ष संभव है। राजा भागीरथ ने अपने अथक प्रयास और तप से गंगा को धरती पर उतारा। अपने पुरखों के भस्म स्थान पर गंगा को मकर संक्रान्ति के दिन लाकर उनकी आत्मा को मुक्ति और शांति दिलाई। यही स्थान गंगासागर कहलाया। इसलिए यहां स्नान का इतना महत्व है।

गंगासागर का मेला 5 दिन तक चलता है। इस दौरान तीर्थयात्री लोग मुंडन, श्राद्ध, पिण्डदान और समुद्र में पितरों को जल अर्पित करते हैं। गंगासागर में कपिल मुनि का प्राचीन मंदिर था जोकि समुद्र में समा गया। 1973 में यहाँ कपिल मुनि का नया मंदिर बना जहां श्रद्धालु दर्शन करते हैं। गंगासागर गंगा नदी का एक छोटा डेल्टा द्वीप है जिसकी आबादी करीब 2 लाख और क्षेत्रफल 282 वर्ग किमी है। सागर द्वीप के एक ओर बंगाल की खाड़ी और दूसरी ओर बांग्लादेश है। इस सुंदर द्वीप के ज्यादातर क्षेत्र में घने जंगल है। कपिल मुनि के मंदिर, आश्रम के अलावा यहाँ महादेव मंदिर, शिव शक्ति-महानिर्वाण आश्रम, भारत सेवाश्रम संघ का मंदिर, धर्मशालायें भी है।

गंगासागर वास्तव में एक टापू है जो गंगा नदी के मुहाने पर स्थित है। यहां बंगला भाषी आबादी रहती है। यह पूरी तरह से ग्रामीण ईलाका है। यहां आने वाले तीर्थयात्रियों के रहने के लिए यहां पर होटल, आश्रम व धर्मशालायें है। अब पूरे वर्ष यहां लोगों का आवागमन लगा रहता है। कोलकाता से पूरे मार्ग में सडक बनी हुयी है। मात्र 5 किलोमीटर पानी में नाव का सफर करना पड़ता है। गंगासागर में मकर संक्रांति के दिन 14 व 15 जनवरी को मुख्य मेला लगता है। जिसमें लाखों लोग स्नान और पूजा करने आते हैं।

# मकर संक्रांति के दिन दान-पुण्य करने का होता है विशेष महत्व

मकर संक्रांति का त्योहार सनातन धर्म में काफी महत्व रखता है। मकर संक्रांति का त्योहार 14 जनवरी को पूरे भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। 14 जनवरी को सूर्य देव धनु राशि से निकालकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करते ही खरमास समाप्त हो जाता है और मंगलिक कार्य शुरू हो जाते है। मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान-पुण्य के कार्यों को श्रेष्ठ माना जाता है। मकर संक्रांति नए साल का पहला त्योहार होता है इसलिए इसे धूमधाम से मनाया जाता है। कई जगहों पर इस दिन पतंग उड़ाई जाती है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है, जिसका अर्थ है सूर्य उत्तर दिशा की तरफ बढ़ता है।

मकर संक्रांति के दिन दान करना बेहद शुभ माना जाता है। मकर संक्रांति के पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहा जाता है। इस दिन गंगा स्नान, व्रत, कथा, दान और भगवान सूर्य देव की उपासना करने का विशेष महत्व माना जाता है। जो लोग इस दिन दान करते है ये दान अक्षय फलदायी होता है। इस दिन शनि देव के लिए प्रकाश करना भी काफी शुभ होता है।



- मकर संक्रांति पुण्य काल- सुबह 07 बजकर 33 मिनट से शाम 06 बजकर 56 मिनट तक
- मकर संक्रांति महा पुण्य काल- सुबह 07 बजकर 33 मिनट से सुबह 09 बजकर 45 मिनट तक
- मकर संक्रांति का क्षण- सुबह 07 बजकर 33 मिनट

## सेहत

### ठंड में मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें

अक्सर सर्दी के मौसम में ड्राई स्किन परेशान करती रहती है। इस मौसम में ड्राई स्किन से निपटना काफी मुश्किल होता है। ठंड में हवा में नमी काफी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई होने लगती है। सूखी त्वचा की समस्या से निपटने के लिए टोनर का प्रयोग करना उचित हैं लेकिन इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना भी काफी जरुरी है। यदि आपकी स्किन ड्राई हो जाती है, तो हाइड्रेटिंग फेस टोनर आपके लिए बेस्ट है। आइए आपको बताते हैं कि इसका सही यूज कैसे करे। जब भी आप अपने त्वचा की देखभाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे पर जमा प्रदूषक, गंदगी, मैल आदि को हटाने के लिए अच्छे मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें। इसकी मदद से आप चेहरे और गर्दन को साफ कर सकते हैं। जब त्वचा नम होती है तो टोनर आपकी स्किन में अच्छी तरह से अवशोषित हो जाते हैं। चेहरे को क्लींजर से धोने के बाद थोड़ा नम छोड़ते हुए माइक्रोफाइबर तौलिए से धीरे से थपथपाएं जरुर। इसके बाद आप स्किन को हाइड्रेटिंग रखने के लिए अच्छे क्वालिटी वाले टोनर को ले। मॉइस्चराइजिंग टोनर स्किन के पीएच लेवल को सुंतलित करने में मदद करता है। इसके साथ ही पहले रुखी त्वचा, ड्राई त्वचा में हाइड्रेशन को भी बढ़ावा देते हैं। टोनर को लगाने लिए एक कॉटन पैड पर कुछ बूंद टोनर की डालें और धीरे से ऊपर की ओर स्वाइप करें। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए फेस सीरम का प्रयोग करें। हथेली पर सिरम की बूंदें डालें और फिर फेस सीरम लगाएं। ये स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करेगा। इसके साथ ही आप ड्राई स्किन से निपटने के लिए बेस्ट है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित बैठक में उपायुक्त ने कहा-

# छात्रों और अभिभावकों से नियमित संवाद करें शिक्षक

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** आगामी माध्यमिक व इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 में जिले के परीक्षा परिणामों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में सिद्धो-कान्हो सभागार में बैठक आहूत की गई।बैठक में जिले के विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षक शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और अन्य संबंधित कर्मी शामिल हुए। उपायुक्त ने शिक्षकों और पदाधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने की रणनीति साझा की।परीक्षा परिणाम सुधारने की रणनीति उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा में सफलता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को समर्पण और अनुशासन के साथ काम करना होगा। उन्होंने शिक्षकों को छात्रों के लिए प्रभावी शिक्षण और नियमित मूल्यांकन प्रणाली पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। शिक्षकों को निर्देश दिया कि सभी विषयों का पाठ्यक्रम समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इसके लिए विधालय स्तर पर एक मासिक और साप्ताहिक योजना तैयार की जाए।छात्रों की पहचान कर उनके लिए अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन किया जाए। इन कक्षाओं में छात्रों को उनकी समस्याओं का समाधान और अभ्यास कराने पर जोर दिया जाए। सभी विधालयों में नियमित रूप से मॉक टेस्ट और अभ्यास परीक्षाएं कराने के निर्देश दिए। इससे छात्रों को परीक्षा के माहौल का अनुभव मिलेगा और उनकी तैयारी का आकलन भी किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि छात्रों की विधालय में नियमित उपस्थिति उनकी सफलता के लिए अनिवार्य है।उन्होंने शिक्षकों से छात्रों और अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित करने और उपस्थिति बढ़ाने के उपाय अपनाने की अपील की।उपायुक्त ने शिक्षकों को स्मार्ट क्लास और डिजिटल संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीक का उपयोग करके कठिन विषयों को सरल और रोचक तरीके से समझाया जा सकता है। जिससे छात्रों की सीखने की प्रक्रिया में सुधार होगा।उपायुक्त ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका छात्रों के भविष्य निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी और पूर्ण समर्पण के साथ करें। उन्होंने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था को राज्य में उत्कृष्ट बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।सभी शिक्षकों और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समय एकजुट होकर काम करने का है। उन्होंने भरोसा जताया कि यदि सभी मिलकर प्रयास करेंगे तो साहेबगंज जिला परीक्षा परिणामों के मामले राज्य में टॉप 10 में सम्मिलित होगा। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुगार्नंद झा एवं सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य शिक्षक गण उपस्थित थे।

## एकदिवसीय पूजन व धुपची मेला 19 जनवरी को

साहिबगंज/बरहरवाः प्रखंड अंतर्गत हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सूर्य उपासना का केंद्र ग्राम-भीमपाड़ा में 245 वर्षों से चले कक रहे धुपची मेला सह पूजा व मेला 19 जनवरी 2025 को आयोजित की जा रही है,बताते चले कि इस महोत्सव में एकदिवसीय पूजन एवं तीनदिवसीय मेले का आयोजित किया जाता है जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है और इस मेले का आनंद पूरे परिवार के साथ उठाते है,इस मौके पर धुपची मेला कमिटी ने पूजा महोत्सव को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों व मीडियाकर्मियों को भी सम्मानजनक आमंत्रित किया है।कमिटी में देवाशीष सिंह अध्यक्ष, उपाध्यक्ष मांसवुर रहमान,सचिव रासबिहारी दास,उपसचिव भगवान दास,मुस्तफा शेख,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर साहा,रॉकी शेख संचालक शिवकुमार साहा,गोपाल रजक, रोहित साहा,हबीब शेख एवं मीडिया प्रभारी के रूप में ननि गोपाल साहा,कबीर शेख,रफीकुल शेख,अंसारुल सहित कैम्प माइकिंग प्रभारी शेखर साहा,नमन रजक,असफाक,संगम कर्मकार,अरुण रजक,सुभाष कर्मकार शामिल है।

भारतीय क्षेत्रीय कुर्मी महासभा की मासिक बैठक

## संगठन के विस्तार पर हुई विशेष चर्चा

मेट्रो रेज



**साहिबगंज :** शहर के उत्सव बेंकट हॉल नगर थाना के निकट प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल के अध्यक्षता में भारतीय क्षत्रीय कुर्मी महासभा की ओर से मासिक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की शुरूआत करने से पहले राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के निवासी अजय कुमार राय की आकस्मिक मत्यु हो जाने से आज उनके याद में दो मिनट का मौन रखा ओर सभी लोगों ने उनके आत्मा को शांति प्रदान किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य साहिबगंज जिला के संगठन के विस्तारीकरण हेतु कार्यकारणी के सदस्यों को 20 व्यक्ति को जोड़ने और मीटिंग में उपस्थित होने हेतु संपर्क स्थापित करेंगे। इस संगठन का जो खाता खोले में जो तकनीकी अड़चन आ रही है।उसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा।संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु आर्थिक कोष को मजबूत करना होगा। इस बैठक यह भी निर्णय हुआ कि 26 जनवरी 2025 को झंडातोलन अध्यक्ष के आवास में किया जाएगा।संगठन को मजबूत बनाने जिला स्तर पर समाज के लोगों को जोड़ने,पारिवारिक विवरणी पत्र बनाने,प्राथमिक सदस्यता शुल्क निंधारित करने एंव साथ साहिबगंज मुख्यालय में कार्यालय खोलने के साथ,अन्य इत्यादि जैसे विभिन्न मुद्दों पर बिचार विमर्श कर प्रस्ताव लिया गया।इस बैठक में मौजूद साहिबगंज जिला अध्यक्ष,प्रेम लाल मंडल,उर्फ मंट्टा मंडल, प्रवीर कुमार सिन्हा,जय प्रकाश सिंह,अजय कुमार चौधरी, किशोर कुमार मंडल,कुणाल किशोर राय,चंदन सिंह,आर एन महतो,प्रमोद कुमार सिन्हा,सतीश कुमार,विनोद कुमार मंडल,हरेंद्र राय,संजय सिंह पटेल,संजय पटेल,रमन कुमार,अशोक सिन्हा,आशीष कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने नवनिर्वाचित विधायिका को स्थानीय समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** कांग्रेस जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल एवं जिला समन्वयक सह कांग्रेस प्रखण्ड महासचिव निताय सरकार ने पाकुड़ विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायिका निसात आलम से उनके रांची स्थित आवास में मिलकर बरहरवा क्षेत्र में हो रही समस्याओ से अवगत कराया। जिसमे मुख्य रूप से वर्तमान में राशन कार्ड में फिंगर अपडेट किया जा रहा है।अपडेट उपरांत बहुत से वृद्ध व विकलांग लोगों का राशन कार्ड में फिंगर अपडेट नही हो पा रहा है।जिससे कार्डधारी लाभुकों को सही से राशन नही मिल पा रहा है। डीलर भी लाभुकों को किसी प्रकार से सहयोग नही कर रही है। साथ ही कई जगहों पर डीलरों एवं लाभुकों के बीच झड़प की नौबत आ जाती है। इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए नए विकल्प निकालने की जरूरत है।वही विधायक निसात आलम ने आश्वासन देते हुए जल्द ही समस्या से निदान के लिए नए विकल्प स्थापित करने की बात कही।इस दौरान विधायिका ने कहा कि पाकुड़ की विधासमस्या उनकी व्यवक्तिगत समस्याओं समान है वो हर संभव जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेगी।

## भाजपा ने सदस्यता अभियान चलाते हुए मनाया स्वामी विवेकानंद जयंती

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रुप में सदस्यता अभियान चलाते हुए मनाया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने किया।इस दौरान बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के बंगालीपाड़ा,बटाईल के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के रिसौड़ आदि गांवो में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वामी विवेकानंद जी की जयंती बनाई गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा सदस्यता अभियान भी चलाया गया।मौके पर मुख्य रुप से उपस्थित निर्वतमान नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्यामल कुमार दास ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व को भारत की संस्कृति और सभ्यता से परिचित करवाया, जिन्होंने शिकागो में अपने व्यक्तित्व की पहचान अपने हिदी में दिए गए भाषण से अंग्रेजों को करवाई।आज भारत का अजूबा युवा स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मना रहा है और हम लोगों के स्वामी विवेकानंद आदर्श है।स्वामी विवेकानंद की संपूर्ण जीवन की महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है।

## भारतीय वैश्य महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला कार्यकारणी का गठन

मेट्रो रेज



**साहिबगंजः** भारतीय वैश्य महासभा युवा प्रकोष्ठ की एक बैठक सह स्वागत समारोह एलसी. रोड स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनुराग राहुल ने की। इस अवसर पर भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय वैश्य महासभा के प्रदेश समिति के द्वारा झारखंड प्रदेश में सभी जिला समितियों एवं साथ ही सभी युवा प्रकोष्ठ के जिला समितियों को भी मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।महासभा के जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनुराग राहुल ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से वैश्य समाज को मजबूत करने के लिए शीघ्र ही साहिबगंज के सभी प्रखंडों में संगठन का विस्तार किया जाएगा।इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह दायित्व दिया गया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा.इसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष शंकर कुमार गुप्ता,प्रदेश अध्यक्ष सतीश चंद्र गुप्ता, महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता,जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अनुराग राहुल के प्रति आभार व्यक्त किया।बैठक मैं निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गयाइसके अतरिक्त कार्यकारणी सदस्य के रुप में ग्यारह युवाओं का चयन किया गया।बैठक के उपरान्त एक स्वागत समारोह अयोजित कर सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को पुष्प गुच्छ दे कर समामनित किया गाया।बैठक में जिला उपाध्यक्ष डा विनोद कुमार साह,जिला महासचिव बासुकीनाथ साह,रविन्द्र प्रसाद साह,सचिव श्रवण कुमार मोदी,उदय कुमार साह,जिला संयोजक रणधीर प्रसाद चौरसिया,अमित कुमार साह,सोनू कुमार सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित थें।

### ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में विलंब व गड़बड़ी का संवेदक पर लगाया आरोप

**जामा :** प्रखंड के अंतर्गत सिमरा गांव से कदरजोरिया, बसबुटीया, हल्दीपट्टी, बेलकुपी होते हुए जामा चौक तक 14.5 किलोमीटर तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया जा रहा है। इस बीच पुलियों, पीसीसी एवं गार्डवाल का भी निर्माण किया जा रहा है. इस निर्माण कार्य का ठेका बंगाल की त्रिमूर्ति कंस्ट्रक्शन कंपनी कोलकत्ता को मिला है. सितंबर 2023 में इस निर्माण कार्य का शिलान्यास तत्कालीन भाजपा सांसद सुनील सोरेन के द्वारा किया गया था। लेकिन संवेदक द्वारा आज तक काम पूरा नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा दो वर्ष होने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है सड़क हर जगह जर्जर हालत में हैं जिससे लोग आय दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया, पीसीसी एवं गार्डवाल के निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच होनी चाहिए।

## नि:शुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर संपन्न

मेट्रो रेज



दुमकाः लायंस क्लब दुमका सप के आयोजित पांच दिवसीय नि:शुल्क सुजोक एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन भारती अस्पताल में किया गया। जिनमे 146 रोगियों का इलाज किया गया। पुरुष रोगी 96 एवं महिला रोगी 50 थे इन सभी रोगियों का इलाज थैरेपिस्ट गोपाल मिश्रा, प्रिंस मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। एक्यूप्रेशर द्वारा चिकित्सा शिविर में ज्यादातर जोड़ों के दर्द का मरीज, कमर दर्द, सरवाईकल, स्वोडिलाएटिस,गठिया आदि के रोगियों ने इलाज करवाया जिन्हें लगभग 50% तक रिजल्ट मिला, इसके अलावा नर्वस सिस्टम के पेशेंट मिले जिन्हें उपचार के दौरान बेहतरीन रिजल्ट देखने को मिला। शिविर में एक्यूप्रेशर बीज तथा रंग चिकित्सा के अलावे मशीन द्वारा इलाज किया गया। क्लब की अध्यक्षा लायन डॉ. अमिता रक्षित ने बताया एक्यूप्रेशर विधि में कुछ खास बिंदुओं पर दबाव देकर किसी भी बीमारी का इलाज बहुत ही सहजता पूर्वक से किया जाता है। क्लब के जन-संपर्क पदाधिकारी लायन रमण कुमार वर्मा ने बताया कि एक्यूप्रेशर उपचार में दबाव हम उस खास बिंदु पर एक्यूप्रेशर उपकरण मैग्नेट आदि के द्वारा भी देते हैं, जिससे उसे रोग से संबंधित बिंदु ऊर्जान्वित करता है। और रक्त संचार करके बीमारी दूर की जाती है। मौके पर क्लब के अध्यक्ष लायन डॉ. अमिता रक्षित, लायन रमण कुमार वर्मा, लायन डॉ मनोज कुमार घोष, पी.एम. जे. एफ लायन डॉ. अखिलेश कुमार सिन्हा, लायन राकेश सिंघानिया, लायन अमित कुमार, लायन चन्दन कुमार साह, लायन नीरज कोठारीवाल, लायन मधुकर दत्ता, लायन डॉ. अमूल्य कुमार पाल के अलावे काफी संख्या में रोगी एवं उनके अभिभावक मौजूद थे।

## माय भारत एनवाईके ने मनायी स्वामी विवेकानंद की 162वीं जयंती

मेट्रो रेज



**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत अंतर्गत रविवार को माय भारत नेहरू युवा केंद्र संगठन साहेबगंज के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विशाल कुशवाहा के नेतृत्व में मौर्य एजुकेशन सेंटर कुशवाहा टोला बरहरवा में स्वामी विवेकानंद की 162 वीं जयंती मनाई गई।जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष सह शिक्षक लोकेश कुशवाहा के द्वारा स्वामी विवेकानंद के तलचित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।तत्पश्चात अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व, स्वामी जी के जीवन,उनके आध्यात्म और दर्शन पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर सशक्त भारत के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाने का आग्रह किया।मौके पर मुख्य रूप से शिक्षक मुकेश कुशवाहा,सुजाता कुशवाहा,कृतिका कुमारी,पूर्णिमा कुमारी, नंदनी कुमारी,नितिन कुमार, मोनू कुमार,कृष्ण गुप्ता,अभिषेक भगत,सागर कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।

न्यूज IN ब्रीफ

## जिला झामुमो का वन भोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह



**साहिबगंज/मेट्रो रेज :** बोरियो के तसर मैदान के बगल नदी किनारे राजमहल लोकसभा के सांसद विजय हांसदा के सौजन्य से नये साल के अवसर पर वन भोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित की गई थी। इस वनभोज सह कार्यकर्ता मिलन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में राजमहल लोकसभा के सांसद विजय कुमार हांसदा,राजमहल विधानसभा के विधायक मोहम्मद ताजुद्दीन,बोरियो विधानसभा के विधायक धनंजय सोरेन,झामुमो केंद्रीय समिति सचिव पंकज मिश्रा जी विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी,जिला सचिव सुरेश टुडू ने सभी कार्यकर्ता को बारी–बारी से संबोधित करते हुए नव वर्ष एवं जीत की बधाई दी!एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वन भोज का आनंद लिया!मौके पर केंद्र समिति सदस्य,राजाराम मरांडी,मुजीबुर रहमान सुनिराम हांसदा,प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी,सहित साहिबगंज जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी,सभी प्रखंड एवं नगर कमेटी,महिला मोर्चा,पंचायत कमेटी,सभी वर्ग संगठन के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## साहिबगंज से मनिहारी के बीच गंगा नदी पर रेलवे ब्रिज बनवाने की लड़ाई लड़नी है:अरविंद

**साहिबगंज /मेट्रो रेज :** गंगा पुल निर्माण संघर्ष समिति का एक बैठक समिति के एल सी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने की। बैठक में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वामी विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।तत्पश्चात आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए समिति के केंद्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार से हम लोगों ने लड़कर गंगा पुल प्राप्त किया है,उसी प्रकार से साहिबगंज से मनिहारी गंगा नदी पर एक रेल पुल बनवाने के लिए भी लड़ाई लड़नी है।अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि विवेकानंद जी ने कहा था कि उठो,जागो और तब तक नहीं रुको,जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए.श्री गुप्ता ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी की बातों पर अमल करते हुए हमें तब तक नहीं रुकना है जब तक साहिबगंज से मनिहारी गंगा नदी पर रेल पुल का भी निर्माण नहीं हो जाता है।समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष जगत किशोर यादव ने कहा कि हम रेल पुल के साथ–साथ काला कानून खास महाल एवं ओवर ब्रिज निर्माण के लिए भी आंदोलन आरंभ करना होगा।समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि पुल निर्माण संघर्ष समिति के द्वारा तीस वर्षों तक आंदोलन करने के उपरांत अब जाकर साहिबगंज मनिहारी गंगा पुल का निर्माण हो रहा है,अब रेल पुल निर्माण के लिए आंदोलन आरंभ करना है. अत: बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब रेल पुल निर्माण के लिए आंदोलन आरंभ किया जाएगा।बैठक में बासुकीनाथ साह,रणधीर प्रसाद चौरसिया,रविंद्र साह,शेषनाथ यादव,अनुराग राहुल,सिद्धार्थ कुमार यादव,उदय कुमार साह,श्रवण कुमार मोदी,सन्नी कुमार साह,देवनारायण साह,मिथुन साह,विनोद कुमार साह,रौशन कुमार साह,अमित कुमार साह सहित दर्जनों सदस्यगण उपस्थित थे।

## शिशिर घोष व अशोक कुमार सिंह को आइकॉन ऑफ दुमका सम्मान




**दुमका/मेट्रो रेज :** जिला कला संस्कृति संघ के वार्षिकोत्सव रंग तरंग 2024 के कार्यक्रम में कला संस्कृति के उन्नयन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने हेतु झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्याध्याक्ष दिवाकर महतो एवं प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ. कैप्टन दिलीप कुमार झा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ने आइकॉन ऑफ दुमका सम्मान से संयुक्त रूप से जिला कला संस्कृति संघ दुमका के अध्यक्ष शिशिर कुमार घोष एवं सचिव अशोक कुमार सिंह को शाल ओढ़ाकर,मोमेन्टो एवं मेडल प्रदान कर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया। दोनों कला प्रेमियों को कला संस्कृति के उन्नयन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सम्मानित करते हुए राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो ने कहा कि भारत के विभिन्न कला संस्कृति एवं इसका कला प्रेमियों द्वारा प्रदर्शन देश के विविधता में एकता का परिचायक है।श्री दिवाकर ने कहा कि शिशिर कुमार घोष एवं अशोक कुमार सिंह तथा दुमका के अन्य कला प्रेमियों द्वारा कला संस्कृति के उन्नयन के लिए किया जा रहा कार्य काबिले तारीफ एवं प्रशंशनीय है।श्री दिवाकर ने कहा कि कला संस्कृति आपसी भाईचारा बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है। प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ0 दिलीप कुमार झा ने शिशिर कुमार घोष एवं अशोक कुमार सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के विभूतियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित करते हुए गौरव की अनुभूति होती है।डॉ0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि दुमका में कला संस्कृति को बढ़ाने हेतु वट वृक्ष के समान शिशिर कुमार घोष एवं अशोक कुमार सिंह का छत्र छाया एवं मार्गदर्शन दुमका के कला प्रेमियों को मिलता रहता है।शिशिर कुमार घोष एवं अशोक कुमार सिंह नए पीढ़ी के कला प्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। डॉ0 झा ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि दोनों का मार्गदर्शन एवं स्नेह भविष्य में भी दुमका के कला जगत को मिलता रहेगा।

## राजू मंडल की करंट लगाकर की गयी हत्या: थाना प्रभारी



साहिबगंज/उधवा : राधानगर थाना क्षेत्र के राधानगर गांव में एक नाबालिग लड़की के साथ घर में घुसकर छेड़खानी व चोरी के आरोप में एक युवक को नाबालिग लड़की व उसकी मां ने करेंट से हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शनिवार को करीब 8 बजे संध्या में सूचना मिली कि राधानगर गांव में किर्ती देवी पति दीपांकर मंडल के घर में एक अज्ञात शव पड़ा हुआ है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस कार्य में संलिप्तअपराधकर्मियों को पकड़ने व आवश्यक कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। इस दौरान पुलिस बलो को लेकर घटनास्थल पर पहुंचा गया। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद शव की पहचान कर स्थानीय लोगो के समक्ष मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर शव को पोस्टमॉर्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया गया। कांड संख्या 11/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करते हुए इस घटना में संलिप्त अपराधकर्मियों का पता लगाया गया। उक्त घटना के सम्बंध में सुराग मिला कि मृतक राजु मंडल दो महीने से किर्ती देवी पति दिपांकर मंडल के घर में घुसकर कुछ सामान चुरा लेता था। और उसकी नबालिग बेटी के साथ छेड़–छाड़ का प्रयास करता था। वही 10 जनवरी की रात्रि में अभियुक्त के घर में प्रवेश करने पर अभियुक्त किर्ती देवी एवं उसकी नाबालिक पुत्रि के द्वारा राजू मंडल को बिजली का करेण्ट देकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपित के घर से नंगा तार करीब 5 मीटर जो एक बाँस से लपेटा हुआ है। तथा करीब 1 मीटर निले रंग का कॉपर तार बरामद किया है।इस मामले में आरोपित के विरुद्ध कांड संख्या 11/25 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना को लेकर पुलिस अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान कर रही है।छापेमारी दल में राधानगर थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय,राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर राधानगर थाना के एसआई अनिल कुमार,बिट्टु कुमार साहा, राजमहल थाना, सअनि० हाकिम मूर्मू, राधानगर थाना व पुलिस बल मौजूद थे।

# गडकरी ने कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' को बताया बेहतरीन

**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने नागपुर में बहुचर्चित 'इमरजेंसी' की विशेष स्क्रीनिंग में भाग लिया, जिसे अभिनेता-निर्देशक कंगना रनौत और अनुपम खेर ने होस्ट किया। कंगना द्वारा निर्देशित, इमरजेंसी भारत के सबसे विवादास्पद और अशांत अध्यायों में से एक में गहराई से उतरती है, एक ऐसा युग जब लोकतंत्र को निलंबित कर दिया गया था, और राष्ट्र एक चौराहे पर खड़ा था। कंगना द्वारा इंदिरा गांधी का प्रभावशाली चित्रण और जयप्रकाश नारायण के रूप में अनुपम खेर सहित अन्य कलाकारों के साथ, यह फिल्म दर्शकों को एक गहन राजनीतिक यात्रा पर ले जाती है, जिसमें अनियंत्रित शक्ति और लोकतंत्र की आत्मा के बीच उच्च-दांव की लड़ाई की खोज की जाती है। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए नितिन



गडकरी ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा, 'नागपुर में कंगना जी और अनुपम खेर जी की फिल्म इमरजेंसी की विशेष स्क्रीनिंग में शामिल हुआ। मैं हमारे देश के इतिहास के काले अध्याय को इतनी प्रामाणिकता और उत्कृष्टता के साथ प्रस्तुत करने के लिए फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूँ। मैं सभी से यह फिल्म देखने का आग्रह करता हूँ, जो भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण दौर को दशार्ती है।' उनके पोस्ट का जवाब देते हुए कंगना ने लिखा, 'आपके कीमती समय के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद सर। नितिन गडकरी फिल्म की प्रामाणिक कथा और मनोरंजक अभिनय से स्पष्ट रूप से प्रभावित हुए। इमरजेंसी में विस्तार पर ध्यान, इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों का सूक्ष्म चित्रण और राजनीतिक चालबाज़ियों की खोज ने नेता को स्पष्ट रूप से प्रभावित किया। कंगना द्वारा स्वयं लिखित और निर्देशित, इमरजेंसी भारतीय इतिहास के सबसे विवादास्पद दौर में से एक पर आधारित है। फिल्म में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक जैसे कई बेहतरीन कलाकार भी हैं। जी स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म्स और रेणु पिट्टी द्वारा निर्मित, इमरजेंसी एक सिनेमाई ड्रामा होने का वादा करती है। संचित बलहारा और जी.वी. प्रकाश कुमार द्वारा संगीत और प्रशंसित रितेश शाह द्वारा लिखे गए संवादों के साथ, यह फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'भूत बंगला' में तब्बू की एंट्री, शूटिंग शुरू

बॉलीवुड फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि मशहूर एक्ट्रेस तबू अक्षय कुमार की मच अवेटेड हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' का हिस्सा बन गई हैं। इस बात की घोषणा खुद अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर जयपुर में परेश रावल के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए की है। साथ ही इस खबर को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए तब्बू ने हिंट देते हुए कैप्शन में लिखा है, 'हम यहां बंद हैं।'




'भूत बंगला' में हंसी और डर का मजेदार मिक्स देखने को मिलेगा, जैसे अक्षय कुमार ने अपनी पिछली फिल्मों 'भूल भुलैया' और 'लक्ष्मी' में किया था। तबू, जो अपने दमदार एक्टिंग के लिए मशहूर हैं, जैसे 'अंधाधुन' और 'हैदर', उम्मीद है कि वो इस फिल्म में कुछ नया और खास जोड़ेंगी।

तब्बू का इस प्रोजेक्ट में आना फिल्म के लिए उम्मीदों को और बढ़ा रहा है। फैंस ये जानने के लिए उत्साहित हैं कि अक्षय कुमार के साथ उनका स्क्रीन पर तालमेल कैसा होगा। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि 'भूत बंगला' इस साल की बेहतरीन फिल्मों में से एक होने वाली है, जो शानदार परफॉर्मेंस और एक दिलचस्प स्क्रिप्ट का बेहतरीन मेल है।

प्रियदर्शन के निर्देशन में बन रही फिल्म भूत बंगला को शोभा कपूर, एकता आर कपूर और अक्षय कुमार के प्रोडक्शन हाउस 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया गया है। फिल्म के को-प्रोड्यूसर्स फारा शेख और वेदांत बाली हैं, और यह बालाजी टेलीफिल्म्स के बैनर तले प्रोड्यूस की गई है। इसकी कहानी आकाश ए कौशिक ने लिखी है, जबकि स्क्रीनप्ले रोहन शंकर, अबिलाश नायर और प्रियदर्शन ने तैयार किया है। फिल्म के डायलॉग्स रोहन शंकर ने लिखे हैं। भूत बंगला 2 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# पवन सिंह करेंगे तीसरी शादी, चर्चा जोरों पर

**पवन सिंह** एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से सुर्खियों में हैं. खबर है कि पवन सिंह तीसरी शादी को करने वाले हैं. वह भोजपुरी की फेमस स्टार को अपनी दुल्हन बनाने जा रहे हैं. पवन सिंह की सोशल मीडिया पर रोमांटिक फोटोज ने हर किसी को हैरान कर दिया है. साथ ही पवन सिंह की मां के साथ भी उनकी होने वाली पत्नी की वीडियो से इंटरनेट पर तहलका मचा हुआ है. पवन सिंह की जिस भोजपुरी एक्ट्रेस संग तस्वीरें आई हैं वह कोई और नहीं बल्कि चांदनी सिंह हैं. पवन सिंह और चांदनी की तस्वीरें खुद चांदनी ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं. इसी के बाद से फैंस ने भी दोनों के रिश्ते को कंफर्म कर दिया है.

पवन सिंह ने हाल ही में अपना जन्मदिन मनाया था. इस खास मौके पर उनके साथ चांदनी सिंह काफी क्लोज नजर आई थीं. दोनों की इन्ही तस्वीरों से शादी की खबर को हवा मिली. वहीं, अपने बर्थडे पर पवन सिंह ने चांदनी को अपने हाथों से केक भी खिलाया था. चांदनी सिंह की क्लोजनेस पवन सिंह की मां के साथ भी दिखाई दी थी, चांदनी ने रेड कलर की साड़ी पहनी हुई थी और हाथों में मेहंदी लगाई हुई थीं. पवन सिंह की पार्टी में चांदनी एक दुल्हन से कम नहीं लग रही थीं. इसी पार्टी की फोटोज के बाद चर्चा शुरू हुई की दोनों अपनी जिंदगी की नई शुरूआत करने जा रहे हैं. चांदनी भी लगातार पवन सिंह के साथ हर रोज फोटो शेयर कर रही हैं. इन्हें देख फैंस यही कह कर रहें हैं कि चांदनी सिंह उनकी नई भाभी हैं. चांदनी सिंह और पवन सिंह की शादी की खबरें छाई हुई हैं, लेकिन अभी तक दोनों में से किसी ने भी कुछ कन्फर्म नहीं किया है, न ही कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट की है. जब तक पवन सिंह की तरफ से कुछ ऑफिशियल नहीं होता तब तक कुछ नहीं कहा जा सकता.



## पवन और उनकी पत्नी ज्योति का चल रहा है तलाक का केस

सोशल मीडिया पर अब पवन सिंह की दूसरी पत्नी ज्योति सिंह को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं. हर कोई यही पूछ रहा है कि अब ज्योति सिंह का क्या होगा? बता दें, पवन सिंह और ज्योति सिंह के तलाक का मामला कोर्ट में चल रहा है, लेकिन अब तक तलाक हुआ नहीं है. कहा जा रहा है कि ज्योति सिंह एक बार फिर पवन सिंह के पास वापिस आना चाहती हैं ऐसा इसलिए है, क्योंकि ज्योति ने पवन सिंह के बर्थडे पर पवन सिंह को हसबैंड बोलते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दी थीं, लेकिन इसके बावजूद पवन सिंह का नाम चांदनी सिंह के साथ जुड़ रहा है.

# बॉलीवुड सुपरस्टार गोविंदा के भांजे आमदनी अठन्नी फेम विनय आनंद का नया भक्ति गीत 'खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है' वायरल

**बॉलीवुड** सुपरस्टार गोविंदा के भांजे– आमदनी अठन्नी फेम, भोजपुरी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता और सिंगर विनय आनंद ने एक बार फिर अपने नए भक्ति गीत 'खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है' के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया है. इस गाने को हाल ही में अन्नपूर्णा म्यूजिक ने रिलीज किया, भक्ति रस से सराबोर इस गाने ने खाटू श्याम के भक्तों के बीच खास जगह बना ली है. 'खाटू वाले बाबा, तेरा ही सहारा है' गीत खाटू श्याम की महिमा का वर्णन करता है. इस गाने में बाबा के चमत्कारों और उनके भक्तों पर होने वाली कृपा का मार्मिक चित्रण किया गया है. विनय आनंद ने अपनी भावपूर्ण आवाज और अदायगी से इस गाने में भक्ति का ऐसा समावेश किया है कि इसे सुनकर हर भक्त की आंखें नम हो जाएं. इस गाने को अन्नपूर्णा म्यूजिक ने रिलीज किया है. इस गाने को लेकर विनय आनंद का कहना है कि– मैं हमेशा से भक्ति गीत गाने में रुचि रखता हूं और 'खाटू वाले बाबा' मेरा एक ऐसा प्रयास है जो बाबा के प्रति मेरी श्रद्धा को दशार्ता है, मैं उम्मीद करता हूं कि यह गाना सभी भक्तों को पसंद आएगा और उन्हें बाबा श्याम के प्रति और भी समर्पित करेगा. याद रहे.... विनय आनंद ने पहले भी कई भक्ति गीत गाए हैं, जो सुपरहिट रहे हैं. उनके भक्ति गीतों में जो सच्चाई और भक्ति का भाव होता है, वह श्रोताओं को गहराई तक छू जाता है!




# 'आशिकी 3 में हमें मासूम एक्ट्रेस चाहिए', तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को अनुराग बसु ने बताया गलत

फिल्म 'आशिकी 3' की मेकिंग और रिलीज को लेकर सिनेमा प्रेमियों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले खबरें आईं कि अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं, फिर उनके नाम को फिल्म से बाहर किए जाने की भी अपडेट सामने आई। आशिकी 3 से तृप्ति के बाहर होने को लेकर अब अनुराग बसु ने अपनी चुप्पी तोड़ी है।

**अनुराग बसु ने तृप्ति को लेकर कही ये बात**

उन्होंने कहा कि मेकर्स ने फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ किसी अन्य अभिनेत्री को कास्ट करने का सोचा है। उन्हें अभिनेत्री में मासूमियत चाहिए, ऐसे में मेकर्स के हिसाब से तृप्ति इन मानदंडों पर खरी उतरती हैं। आशिकी 3 के निर्देशक अनुराग बसु ने चल रही अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है और मिड-डे से कहा है, 'यह सच नहीं है। तृप्ति भी यह जानती है।'

**बॉक्स ऑफिस पर नहीं चली फिल्में**

ऐसे में दो तरह की खबरें चर्चा में हैं। तृप्ति फिल्म का हिस्सा हैं ऐसा अनुराग बसु का कहना है। वहीं, जूम की एक रिपोर्ट की मानें तो 'आशिकी 3' में तृप्ति को कास्ट किया जाना था। हालांकि, मेकर्स का मानना है कि इस फिल्म में वो सेट नहीं हुईं, इसके कारण फिल्म से उनका नाम बाहर कर दिया गया है। फिल्म एनिमल के बाद तृप्ति लगातार अपनी फिल्मों को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं।

**फिल्म का है ये नाम**

टी सीरीज की ओर से बयान जारी किया गया। इसमें कहा गया कि हम आशिकी के किसी सीक्वल हिस्से पर काम नहीं कर रहे हैं। हम किसी भी चल रही अफवाहों का स्पष्ट रूप से खंडन करते हैं जो यह सुझाव देती हैं कि आशिकी 3 को टी-सीरीज द्वारा किसी अलग शीर्षक के तहत बनाया जा रहा है। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित हमारी प्रस्तावित फिल्म न तो आशिकी 3 है और न ही आशिकी फ्रेंचाइजी का हिस्सा है।

**इन फिल्मों में नजर आने वाली हैं अभिनेत्री**

तृप्ति डिमरी अपनी आगामी फिल्म धड़क 2 को लेकर भी चर्चा में हैं। वहीं, खबरों की मानें तो वे शाहिद कपूर के साथ भी एक फिल्म में नजर आ सकती हैं।



# ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी की प्रारंभिक टीम में कमिंस, हेजलवुड को किया शामिल

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपनी 15 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा कर दी है। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को टीम में शामिल किया गया है, हालांकि इन दोनों को श्रीलंका के आगामी दौरे से आराम दिया गया है। कमिंस, जो इस समय पितृत्व अवकाश पर हैं, को टखने की समस्या का आकलन करने के लिए स्कैन से गुजरना होगा, जिसे उन्होंने हाल ही में समाप्त हुई बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के दौरान झेला था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीता था। इस बीच, हेजलवुड अभी तक पिंडली की चोट से उबर नहीं पाए हैं, जिसके कारण भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में उनकी भागीदारी समय से पहले समाप्त हो गई थी। चयनकर्ताओं के प्रमुख, जॉर्ज बेली ने कहा, 'यह एक संतुलित और अनुभवी टीम है, जिसमें पिछले एक दिवसीय विश्व कप, वेस्टइंडीज श्रृंखला, पिछले साल यूके के सफल दौरे और हाल ही में पाकिस्तान की घरेलू श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।' नाथन एलिस, मिचेल स्टार्क के साथ, तेज आक्रमण को आगे बढ़ाते हैं जबकि एडम जम्पा टीम में चुने गए एकमात्र फ्रंटलाइन स्पिनर हैं। ऑलराउंडर आरोन हार्डी और मैथ्यू शॉर्ट को भी टीम में शामिल किया गया है, जबकि एलेक्स कैरी ने विश्व कप चयन से चूकने के बाद पिछले सितंबर में इंग्लैंड के खिलाफ 50 ओवरों की टीम में



सफल वापसी के बाद से अपना स्थान बरकरार रखा है। कैरी एक बैक-अप विकेटकीपिंग विकल्प भी प्रदान करते हैं, यह देखते हुए कि जोश इंगलिस भी वर्तमान में पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। नियमों के अनुसार टूर्नामेंट शुरू होने तक प्रारंभिक टीम में संशोधन किया जा सकता है। पाकिस्तान दौरे पर जाने से पहले ऑस्ट्रेलिया को इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ शुरू होने वाले दो टेस्ट मैचों के बाद एकमात्र वनडे मैच खेलना है। चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में इंग्लैंड (22 फरवरी), दक्षिण अफ्रीका (25 फरवरी) और अफगानिस्तान (28 फरवरी) के साथ है।

**चैंपियंस ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार है:** पैट कमिंस (कप्तान), एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, एडम जम्पा।

# टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की शुरूआत 21 मार्च से : राजीव

मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने रविवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 का सीजन 21 मार्च से शुरू होगा। उन्होंने बीसीसीआई की विशेष आम बैठक के बाद मुंबई में यह घोषणा की। हालांकि प्लेऑफ या फाइनल की तारीखों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इसके अलावा, राजीव शुक्ला ने बताया कि बीसीसीआई ने एक साल के कार्यकाल के लिए आईपीएल के नए आयुक्त की भी घोषणा की है। साथ ही उन्होंने बताया कि बोर्ड की अगली बैठक 18-19 जनवरी को होनी है और इसमें आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम को अंतिम रूप दिया जाएगा। नवनियुक्त बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 21 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल सीजन के व्यस्त कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि लगातार होने वाले आयोजनों के लिए महत्वपूर्ण ध्यान और समन्वय की आवश्यकता होगी। बोर्ड लगातार इसे लेकर योजनाएं बना रहा है। इस बैठक में देवजीत सैकिया और प्रभतेज सिंह भाटिया को क्रमश: बीसीसीआई का नया सचिव और कोषाध्यक्ष चुना गया। जय शाह और आशीष शेलार द्वारा रिक्त पदों के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति होने के बाद वे दोनों निर्विरोध चुने गए।

# ओडिशा वॉरियर्स ने महिला हॉकी इंडिया लीग की धमाकेदार शुरूआत की,दिल्ली एसजी पाईपर्स को 4-0 से हराया

**रांची।** उद्घाटन महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 के पहले मैच में रविवार रात ओडिशा वॉरियर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को 4-0 से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की।ओडिशा वॉरियर्स के लिए यिब्बी जानसन (16' और 37'), बलजीत कौर (42') और फ्रीके मोएस (43') ने स्कोर किया।

.महिला हॉकी इंडिया लीग एक शानदार समारोह के साथ शुरू हुई जहां कलाकारों ने झारखंड की संस्कृति का प्रदर्शन किया। झारखंड सरकार की विधान सभा सदस्य और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने चार महिला एचआईएल टीमों के कप्तानों के साथ महिला हॉकी इंडिया लीग ट्रॉफी का अनावरण किया।

**ओडिशा वॉरियर्स का दमदार प्रदर्शन :** ओडिशा वॉरियर्स की तरफ से यिब्बी जानसन ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल किए। उन्होंने पहला गोल 16वें मिनट में किया और फिर 37वें मिनट में एक और गोल दागकर टीम की बढ़त को मजबूत किया। इसके बाद, बलजीत कौर ने 42वें मिनट में गोल कर विरोधी टीम पर दबाव बढ़ा दिया। फ्रीके मोएस ने 43वें मिनट में गोल कर वॉरियर्स की जीत को और भी पुख्ता कर दिया।



## दिल्ली एसजी पाइपर्स की रणनीति नाकाम

दिल्ली एसजी पाइपर्स ने मैच के दौरान आक्रामक खेल दिखाने की कोशिश की, लेकिन ओडिशा वॉरियर्स के सशक्त डिफेंस और गोलकीपर के बेहतरीन प्रदर्शन के कारण वे एक भी गोल करने में नाकाम रहे। टीम की रणनीति और तालमेल कमजोर दिखाई दिए, जिससे वे पूरे मैच में दबाव में रहीं।

**मैच का माहौल**

रांची के हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले को देखने के लिए भारी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। दर्शकों ने दोनों टीमों का उत्साह बढ़ाया, लेकिन ओडिशा वॉरियर्स के खेल ने उन्हें खासा प्रभावित किया। वॉरियर्स की आक्रामकता और फिनिशिंग ने मैच को एकतरफा बना दिया।

**आगे की उम्मीदें**

ओडिशा वॉरियर्स की यह जीत न केवल उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि टीम को टूनार्मेंट में आगे के मुकाबलों के लिए मजबूती भी देगी। वहीं, दिल्ली एसजी पाइपर्स को अपनी कमजोरियों पर काम करने की जरूरत होगी, ताकि वे अपने अगले मैचों में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग के इस शानदार आगाज ने दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

# प्रयागराज में दिव्य भव्य महाकुंभ का आगाज

## महाकुंभ के पहले स्नान पर्व पर आस्था का समागम,प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**महाकुंभ नगर :** पौष पूर्णिमा सोमवार से दिव्य भव्य प्रयागराज महाकुंभ की शुरूआत तड़के तीन बजे से ही हो गई। ?पवित्र संगम तट पर डुबकी लगाने के लिए आधी रात के बाद ही पहुंच रहे श्रद्धालुओं के हुजूम पर इंद्रदेव ने भी बूंदाबांदी कर स्वागत किया। कड़ाके की ठंड और सर्द हवाओं पर सनातनियों की आस्था भारी रही। तड़के से ही त्रिवेणी में हर-हर गंगे,हर–हर महादेव,जय–जय श्री राम के गगनभेदी जयकारों के बीच स्नान का अनवरत सिलसिला शुरू हो गया है। इसकी तस्वीरें भोर से ही सोशल मीडिया



में छाई हुई है। महाकुंभ के पहले स्नान पर्व की बधाई वाराणसी के सांसद और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है , ₹भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए यह एक बहुत ही खास दिन है! महाकुंभ 2025 प्रयागराज में शुरू हो रहा है, जो आस्था, भक्ति और संस्कृति के पवित्र संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाएगा। महाकुंभ भारत की कालातीत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव मनाता है...। उधर, गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। महाकुम्भ के पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा पर देशभर से आए श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए सिर पर गठरी लेकर पहुंच रहे है। पहली बार युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्ग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। डीआईजी और एसएसपी खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

### अधिकारियों को दिए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश

# इस्टीमेट मंगवा लीजिए, सरकार देगी इलाज का पैसा : सीएम योगी

एजेंसी

**गोरखपुर :** कड़ाके की ठंड में भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से ध्यान देकर उनका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण कराएं ताकि किसी को भी परेशान न होना पड़े। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची एक महिला को सीएम योगी ने आत्मीय संबल देते हुए कहा, पीजीआई लखनऊ से इस्टीमेट मंगवा लीजिए, इलाज का पैसा सरकार देगी। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक-एक करके उनकी समस्याएं सुनीं



### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। सोमवार प्रात:काल गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने, अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर शीश नवाने के बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गौशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने कुछ समय बिताया और गौसेवा की। मुख्यमंत्री ने गौवंश को खूब दुलारने के बाद उन्हें गुड़ खिलाया और शीतलहर में गौशाला के कार्यकताओं को देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज पीजीआई लखनऊ में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा, अस्पताल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। एक अन्य महिला ने अपने परिजन का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में होने का जिक्र कर मदद मांगी तो सीएम ने इसके लिए पास में मौजूद अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

# भीलवाड़ा बाईपास पर बस पलटी 25 से अधिक लोग हुए घायल

एजेंसी

**भीलवाड़ा :** भीलवाड़ा बाईपास पर धूल खेड़ा के निकट सोमवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। डिवाइडर पार कर एक बस पलटने से 25 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को मांडल के अस्पताल और भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। महात्मा गांधी अस्पताल के आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में तीन एंबुलेंस के जरिए 21 घायलों को पहुंचाया गया। ड्यूटी पर तैनात नर्स दिनेश परिहार ने बताया कि इनमें से 12 घायलों को भर्ती किया गया, जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सभी यात्री उज्जैन से पुष्कर की यात्रा पर थे और मध्य प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मांडल थाना पुलिस के दीवान ने बताया कि कुछ घायलों को मांडल अस्पताल में भी उपचार के लिए ले जाया गया। जो यात्री हादसे में घायल नहीं हुए थे, उन्हें पास के एक होटल में ठहराया गया है। मांडल थाना पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस डिवाइडर पार करते समय अनियंत्रित हो गई, जिससे यह हादसा हुआ। घायलों



में अधिकांश की हालत सामान्य बताई जा रही है, लेकिन कुछ यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य शुरू किया। एंबुलेंस और स्थानीय नागरिकों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। यात्रियों की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि बस उज्जैन से पुष्कर के लिए निकली थी। यह हादसा तड़के उस समय हुआ जब अधिकतर यात्री गहरी नींद में थे। हादसे के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। प्रशासन ने यात्रियों के परिजनों को सूचना देने और उनकी मदद के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। पुलिस ने लोगों से सड़क पर सावधानी बरतने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### खनोरी में डल्लेवाल 49वें अनशन पर, किसान संगठनों की बैठक आज

**चंडीगढ़ :** पंजाब के खनोरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की भूख हड़ताल सोमवार को 49वें दिन में प्रवेश कर गई। डल्लेवाल की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। उनके निजी डॉक्टरों ने रविवार रात जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा है कि अब डल्लेवाल का मांस सिकुड़ना शुरू हो गया है, जोकि चिंताजनक स्थिति है। संयुक्त किसान मोर्चा व अन्य सभी संगठनों की आज पटियाला के पातडां में बैठक होनी है। इस बैठक में किसान संगठन आपसी राय कायम करके एक मंच पर आने का ऐलान कर सकते हैं। पहले यह बैठक 15 जनवरी को रखी गई थी कि लेकिन खनोरी मोर्चा की तरफ से डल्लेवाल की सेहत खराब होने का हवाला देने के बाद यह बैठक सोमवार को बाद दोपहर की जा रही है। यदि एसकेएम का समर्थन मिला तो यह आंदोलन बड़ा हो सकता है, क्योंकि एसकेएम के अंतर्गत करीब 40 संगठन हैं। यह सभी संगठन एक मंच पर आते हैं तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

### राष्ट्रपति मुर्मु और लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने लोहड़ी की दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देशवासियों को लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने लोहड़ी के अलावा मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू (14 जनवरी) की भी शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने रविवार शाम जारी अपने संदेश में कहा, "लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू त्योहारों के पावन अवसर पर मैं देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। ये त्योहार हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और अपने साथ उत्साह और उल्लास लेकर आते हैं। देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग रूपों में मनाए जाने वाले ये त्यौहार प्रकृति के साथ हमारे सामंजस्यपूर्ण संबंधों को दशार्ते हैं। लोग इन अवसरों पर पवित्र नदियों में डुबकी लगाते हैं और दान–पुण्य भी करते हैं।" उन्होंने कहा, " इन त्योहारों के माध्यम से, जो फसलों से भी जुड़े हैं, हम उन मेहनती किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं, जो देश को भोजन उपलब्ध कराने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। मेरी कामना है कि ये त्योहार सभी के जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आएं और हम भारत को एक विकसित देश बनाने के लिए मिलकर और अधिक उत्साह के साथ काम करें।" लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने भी जारी संदेश में कहा, "सभी देशवासियों को लोहड़ी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं। फसल कटाई का यह त्यौहार प्रकृति की कृपा और किसानों की कड़ी मेहनत एवं समर्पण का उत्सव है। मैं कामना करता हूं कि लोहड़ी का यह पर्व हमारे घरों में उत्सव, खुशियां और समृद्धि लाए और हमारे राष्ट्र में विकास और प्रगति हो।"

### शिमला : जेसीबी चालक की लापरवाही से दादी-पोती की दर्दनाक मौत

**शिमला :** राजधानी शिमला में लोहड़ी के पर्व से पहले एक बड़ा हादसा हो गया। शहर के ढली थाना क्षेत्र की नालदेहरा पंचायत के झोलो गांव में जेसीबी मशीन चालक की लापरवाही के कारण विशाल पत्थर गिरने से दादी–पोती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार में त्यौहार की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने इस मामले में जेसीबी चालक व दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान गीता देवी (70 वर्ष) और वर्षा (21 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार बाद दोपहर गीता देवी अपनी पोती वर्षा के साथ गांव के पास गासनी (पहाड़ी ढलान) में मट्लू खड्ड के पास पशुओं के लिए चारा लेने गई थीं। इस दौरान ऊपर से बड़े पत्थर उनके ऊपर गिरे। हादसे में गीता देवी और वर्षा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस को दी गई शिकायत में गीता देवी के बेटे विजय कुमार ने बताया कि घटना के समय वह घर पर नहीं थे। उन्हें उनके पिता ने सूचना दी कि गीता देवी और वर्षा घास लाने गई थीं और ऊपर से गिरे विशाल पत्थरों की चपेट में आ गईं। विजय कुमार ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर देखा कि उनकी मां और बेटी के शव वहीं पड़े थे। आसपास के ग्रामीण भी वहां जमा हो गए थे। विजय कुमार ने पुलिस को बताया कि हादसे की वजह झोलो गांव के ऊपर कडोलिया गांव में हो रहा खेत तैयार करने का काम था। कडोलिया गांव के निवासी बसर दत्त और केवल राम अपने खेत को तैयार करने के लिए जेसीबी मशीन का उपयोग कर रहे थे। यह काम लापरवाही से किया जा रहा था औ? पहाड़ी ढलान से बड़े पत्थर खिसककर नीचे गिरे और गीता देवी और वर्षा को अपनी चपेट में ले लिया। विजय कुमार ने जेसीबी मशीन के चालक हरी नंद पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि काम करते समय सुरक्षा के बुनियादी नियमों का पालन नहीं किया गया। बिना किसी सही जानकारी और सतर्कता के जेसीबी का संचालन किया गया जिससे यह दुखद घटना घटी। शिमला के एसपी संजीव गांधी ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने विजय कुमार के बयान के आधार पर धारा 125 और 106(1) बीएनएस के तहत ढली थाने में केस दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और चालक हरी नंद से पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही खेत मालिक बसर दत्त और केवल राम से भी पूछताछ की जाएगी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गीता देवी और वर्षा के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शवों को आज परिजनों को सौंप दिया गया। गीता देवी और वर्षा की मौत ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। विजय कुमार ने कहा कि उनकी मां गीता देवी इलाके में एक मेहनती और मिलनसार महिला के रूप में जानी जाती थीं। वहीं उनकी बेटी वर्षा आरकेएमवी कॉलेज में बीकॉम अंतिम वर्ष की छात्रा थी। वह पढ़ाई में काफी होनहार थी और अपने भविष्य को लेकर बड़े सपने देख रही थी।

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में एक और कोयला खदान में हादसा, दो की मौत

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक और कोयला खदान में हुए हादसे में दो मजूदरों की मौत हो गई। यह हादसा रविवार को हरनाई जिले के खोस्त इलाके की कोयला खदान में हुआ। खदान के अचानक ढह जाने से आठ मजदूर दब गए थे। इनमें से छह को बचा लिया गया। डॉन समाचार पत्र के अनुसार, यह हादसा तब हुआ जब क्वेटा के बाहरी इलाके में संजडी खदान से 11 और शवों की बरामदगी के बाद शेष एक शव को निकालने के लिए खुदाई जारी थी। संजड़ी खदान में 9 जनवरी को शक्तिशाली मीथेन गैस विस्फोट के बाद 12 कोयला खनिक लगभग 4,000 फीट की गहराई में फंस गए थे। 11 पीड़ितों में से 10 मूल रूप से खैबर पख्तूनख्वा के शांगला जिले के और एक स्वात का रहने वाला था। अधिकारियों के अनुसार, हरनाई जिले के खोस्त कोयला क्षेत्र की हादसाग्रस्त खदान में दरारें आ गई हैं। हादसे में जान गंवाने वाले मजदूरों की पहचान जाहिद और इस्लाहत के रूप में हुई है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। खान एवं खनिज विभाग ने यह खदान बंद कर घटना की जांच के आदेश दिए हैं। पाकिस्तान सेंट्रल माइंस श्रमिक महासंघ के नेताओं ने कोयला खदान हादसों पर चिंता जताई है। उन्होंने सुरक्षा नियमों को लागू करने में सरकार की विफलता की निंदा की।

# दुष्कर्म के मामलों में गर्भपात को लेकर गाइड लाइन बनाने की मंशा : हाइकोर्ट

एजेंसी

**जयपुर :** राजस्थान हाइकोर्ट ने जानकारी के अभाव में बलात्कार पीड़िताओं के गर्भपात में देरी और कई बार प्रसव के समय पीड़िता किशोरियों की जान खतरे में पड़ने की स्थिति पर गंभीरता दिखाई है। कोर्ट ने बलात्कार के मामलों में गर्भपात के लिए गाइडलाइन तय करने की मंशा जताते हुए केन्द्र और राज्य सरकार से 4 सप्ताह में जवाब देने को कहा। कोर्ट ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को पक्षकार बनाया है और अदालती कार्यवाही में सहयोग के लिए अधिवक्ता पल्लवी मेहता, प्रियांशा गुप्ता व सोनल गुप्ता को न्यायमित्र नियुक्त किया। मुख्य न्यायाधीश एम एम श्रीवास्तव व न्यायाधीश उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने स्वप्रेरणा से दर्ज जनहित याचिका पर यह आदेश दिया। पुलिस सहित अन्य संबंधित एजेंसियां



बलात्कार पीड़िता को गर्भपात संबंधी प्रावधानों की समय पर जानकारी नहीं देती हैं, जिससे कई बार प्रसव के समय नाबालिग पीड़िताओं की जान खतरे में पड़ जाती है। कोर्ट ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए यह जनहित याचिका दर्ज की थी। कोर्ट ने इस मामले पर सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी व महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद को सरकार का पक्ष पेश करने का आदेश दिया। वहीं इस तरह के मामलों में जागरुकता के लिए रालसा से पक्ष रखने कहा है।

# कश्मीर घाटी में रात के तापमान में भारी गिरावट के कारण पड़ रही कड़ाके की ठंड

एजेंसी

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में रात के तापमान में भारी गिरावट के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जम्मू और कश्मीर पर्यटन मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर ने 21 जनवरी तक शुष्क मौसम का अनुमान जताया है। 15, 16 और 21 जनवरी के बीच जम्मू और कश्मीर में अलग-अलग ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है। जम्मू और कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात न्यूनतम तापमान -5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहलगाम कश्मीर घाटी का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान -8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में भी न्यूनतम तापमान में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई और यह -6.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि एक दिन पहले यह -5.6 डिग्री सेल्सियस था। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सुरम्य सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान -5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में सोमवार को मामूली सुधार के साथ तापमान -3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, काजीगुंड में तापमान -6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### पश्चिम विहार में चार मंजिला मकान में आग लगने से महिला की मौत, दो झुलसे

**नई दिल्ली :** पश्चिम विहार में एक चार मंजिला मकान में रविवार देररात आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और दो लोग झुलस गए। पुलिस के मुताबिक, महिला की पहचान निर्मला (55) के रूप में हुई है। पांच प्रतिशत झुलसे जितेन्द्र (41) और 15 प्रतिशत झुलसे प्रह्लाद (65) का आचार्य भिक्षु अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्राइम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य इकट्ठा किए। शुरुआती जांच में गैस रिसाव की बात सामने आई है। पीड़ितों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू होगी। पुलिस ने बताया कि देररात सूचना मिली कि पश्चिम विहार स्थित एक मकान में आग लगने से परिवार के तीन लोग झुलस गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस व दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। पुलिस टीम ने आग में झुलसे निर्मला, जितेन्द्र और प्रह्लाद को अस्पताल में भर्ती करवाया। डॉक्टरों ने निर्मला मृत घोषित कर दिया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि जिस मकान में आग लगी वह चार मंजिला है।

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 571 अंक लुढ़का

एजेंसी

**नई दिल्ली :** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ खुला। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 570.97 अंक यानी 0.74 फीसदी की गिरावट के साथ 76,807.94 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 185.45 अंक यानी 0.79 फीसदी की गिरावट के साथ 23,246.05 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से





केवल एक शेयर में तेजी है, जबकि बाकी 29 शेयरों में गिरावट देखने को मिल रहा है। वही, निफ्टी के 50 शेयरों में से दो शेयरों में तेजी और 48 शेयरों में गिरावट है। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.13 फीसदी की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। वही, ऑटो में 1.15 फीसदी, मेटल में 1.31 फीसदी, ऑयल एंड गैस में 1.18 फीसदी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 1.39 फीसदी की गिरावट है।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 241 अंक गिरकर 77,378 अंक पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी भी 95 अंक की गिरावट के साथ 23,431 के स्तर पर बंद हुआ था।

# घने कोहरे में रोडवेज-जीप की टक्कर में तीन की मौत

एजेंसी

**श्रीगंगानगर :** जिले के पदमपुर के सीसी हेड के पास सोमवार सुबह घने कोहरे में रोडवेज बस और बोलेरो जीप की टक्कर में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो ड्राइवर बस को देख नहीं पाया और भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद जाम लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को सड़क किनारे करवाया तथा घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शव भी सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा ने बताया कि श्रीगंगानगर से रोडवेज की बस सुबह बीकानेर के लिए रवाना हुई थी। यह सुबह पदमपुर के पास पहुंची। इसी दौरान घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से सामने से आ रही जीप से उसकी टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर से जोरदार धमाका हुआ और जीप का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर दौड़े और जीप सवार घायलों को निकाला। मौके पर तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। बस श्रीगंगानगर से बीकानेर जा रही थी, जबकि जीप गांव 33 एमएल से पंजाब की तरफ जा रही थी। इसमें पांच लोगों के सवार होने की जानकारी मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव पदमपुर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। हादसे में घायल दो जीप सवार महिलाओं की भी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि जीप काफी स्पीड में थी। सीसी हैड के पास पहुंचने पर इसके आगे एक ट्रॉली चल रही थी। जीप चालक ने ट्रॉली को ओवरटेक कर आगे बढ़ने का प्रयास किया। हादसे में जीप सामने से आ रही रोडवेज बस से टकरा गई।

# कब्रिस्तान में सामूहिक कुरान का पाठ आयोजन



मेट्रो रेज

**गुमला :** गुमला अंजुमन इस्लामिया की देखरेख में गुमला कब्रिस्तान कमेटी द्वारा पहली बार स्थानीय गुमला कब्रिस्तान में कुरान का पाठ यानि कुरान खानी का प्रोग्राम किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न मस्जिदों के इमाम व मदरसों के आलीम, बच्चे तथा आम नागरिक भारी संख्या में उपस्थित होकर अपने बुजुर्गों के नाम पर कुरान का पाठ कर सामूहिक विशेष दुआ किया। इसमें भारी संख्या में मदरसा के बच्चे भी शिरकत किया यह पहला मौका होगा जब इस तरह का भारी संख्या में एक दिन एकत्रित होकर गुमला कब्रिस्तान में सामूहिक कुरान का पाठ और फातिहा किया गया हो इस मौके पर गुमला कब्रिस्तान कमेटी और अंजुमन इस्लामिया के कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित सैकड़ो लोगों को फल, मीठा लड्डू और शक्करपारे उपलब्ध कराए गए साथ ही साथ अंजुमन और कब्रिस्तान कमेटी के सहयोग से शहर के विभिन्न मदरसों में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए चावल दाल आदि भी उपलब्ध कराई गई।

### पारा आर्चरी नेशनल चैंपियनशिप

# झोंगो पाहन ने सिल्वर मेडल जीतकर झारखंड का नाम किया रौशन, उपायुक्त ने दी बधाई

विनय मिश्रा

**रांचीः** राजस्थान के जयपुर में आयोजित पारा आर्चरी नेशनल चैंपियनशिप में झारखंड के खूंटी जिले के होनहार खिलाड़ी झोंगो पाहन (नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय) ने 50 मीटर तीरंदाजी स्पर्धा में रजत पदक जीतकर न केवल खूंटी जिला बल्कि पूरे झारखंड राज्य का नाम गौरवान्वित किया है।

उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि झोंगो पाहन ने कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और अथक प्रयासों से यह सफलता हासिल की है, जो राज्य के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

झोंगो पाहन की यह उपलब्धि झारखंड राज्य में पारा खेलों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनकी इस जीत से यह साबित होता है कि समर्पण और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन भविष्य में भी झोंगो पाहन जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देता रहेगा, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य और देश का नाम रौशन कर सकें।



# देव संस्कृति विद्यालय चन्द्री का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम संपन्न




**चक्रधरपुर :** देव संस्कृति विद्यालय चन्द्री का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रविवार को धूमधाम के साथ आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि रांची वीमेन्स कालेज,रांची के असिस्टेंट प्रोफेसर सह पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव एवं समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भक्तिमय गीत पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। छात्राओं ने मेरी आन तिरंगा है ,मेरी जान तिरंगा है,बंदे मातरम,हिन्द देश का प्यारा झंडा ऊंचा सदा रहेगा नामक गीत पर संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का जम कर तालियां बटोरी। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ विजय सिंह गागराई ने कहा की पश्चिमी सिंहभूम जिला में यह विद्यालय का अपनी एक अलग ही पहचान है। उन्होंने कहा इस विद्यालय में पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ संस्कार की भी शिक्षा दी जाती है। जो कि समाज हित में काफी अच्छा है। उन्होंने कहा आज के समय में लोग अपने माता-पिता बुजुर्ग तथा दूसरे लोगों को सम्मान देने में कोताही बरत रहे हैं जो की आने वाला समय के लिए काफी दुखद होगा। मगर यह विद्यालय बच्चों को अनुशासन के साथ-साथ अच्छे संस्कार की शिक्षा देती है जो आने वाला समय के लिए सबसे बड़ा कार्य होगा ।उन्होंने कहा इस भारत देश में बड़े बुजुर्ग को हम सभी लोगों ने सदा ही सम्मान देते आया है और यह परंपरा चलती रहनी चाहिए। जिससे हमारा समाज पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान बनाए रखें ।उन्होंने कहा यह विद्यालय बच्चों को बहुत अच्छी शिक्षा दे रही है। यहां के बच्चे पढ़ लिखकर समाज तथा देश हित में काफी नाम कर रही है जो की गर्व की बात है। उन्होंने कहा बेहतर शिक्षा ग्रहण करने वाले गरीब बच्चों को वह हर संभव मदद करेंगे।विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का भारतीय संस्कृति के अनुसार स्वागत किया गया। इस मौके पर अनुज चक्रवर्ती, समीर सिंह,सुशांत कुमार, रितिकान्त महतो,सरोज महतो,सत्यवती दीदी,डीडी महतो,शशीलता जयसवाल,संतोष कुमार, जगदीश चंद्र महतो,गोविंद चंद महतो,सविता महतो,कोकिला गोप,परमेश्वर महतो,अंजली सांडिल,लक्ष्मी महतो,स्नेहा महतो,सोनमणी हेम्ब्रेम,सोनिया हेम्ब्रम, महिमा कुमारी सिंह,कुशुम प्रधान समेत काफी संख्या में छात्र छात्रा एवं अभिवाहक तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

# बेरमो अनुमंडल अंतर्गत विस्थापित संगठनों के प्रतिनिधियों की हुई बैठक में एजेंडों पर हुई चर्चा

**गोमिया :** तेनुघाट बस स्टैंड के समीप तेनुघाट बांध विस्थापित संघर्ष मोर्चा के कार्यालय में बेरमो अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न विस्थापित संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इसमें तेनुघाट डैम, कोनार डीवीसी, बोकारो थर्मल डीवीसी,सीसीएल कथारा, टीटीपीएस ललपनिया के विस्थापित संगठन के लोग शामिल हुए। इस बैठक में सर्वसम्मति से विस्थापितों की 12 सूत्री मांगों पर संघर्ष करने का चार्टड मांग पत्र पारित किया गया। जिसमें विस्थापन आयोग का जल्द गठन किया जाए, विस्थापित परिवारों को नौकरी एवं राज्य के सभी बहालियों में विस्थापित परिवारों के लिए 20 फीसदी आरक्षण दिया जाए, क्षेत्र में बसाए गए विस्थापित परिवारों को वासगीत पर्चा के आधार पर जमीन का माल गुजारी रसीद निर्गत किया जाए ,पुनर्वास से वंचित विस्थापितों को पुनर्वास की गारंटी किया जाए, तेनुघाट बांध विस्थापित में अधिकारी



कर्मचारियों के लिए निर्मित आवास में गैर विस्थापितों की घुसपैठ पर रोक लगाई जाए, सीएसआर फंड के तहत सभी विस्थापित गांवों का समुचित विकास किया जाए एवं 30 वर्षों से अधिक उपयोग में नहीं लाए गए जमीन विस्थापितों को वापस किया जाए आदि प्रमुख मांगे शामिल है। इस दौरान वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड में विकास के नाम पर विस्थापितों को विनाश का दंश झेलना पड़ रहा है, जिस उद्देश्य से जमीन अधिकृत की गई उसे अब कंपनियों के हाथ बेची जा रही है। अगर यही हालत रहा तो विस्थापित आर-पार की लड़ाई के लिए मजबूर होंगे। राज्य सरकार अपने घोषणा के अनुरूप विस्थापन आयोग का जड़ गठन करें एवं विस्थापित गांव के प्रतिनिधियों को शामिल करें। सरकार के नीतिगत फैसले के आधार पर एक करोड़ तक के निविदा में विस्थापित संवेदकों को शत प्रतिशत भागीदारी आरक्षित किया जाए। इस बैठक में बेरमो अनुमंडल विस्थापित समन्वय समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विस्थापितों की हक और अधिकार के लिए पुरजोर आंदोलन करने पर भी चर्चा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से छात्रधारी ठाकुर, उमाचरण ठाकुर, माले नेता भुवनेश्वर केवट, दीपचंद गोप, विकास सिंह, विस्थापित नेता उमेश राम,पवन ठाकुर, रुस्तम अंसारी, सुरेंद्र यादव, बलेश्वर गोप, संजय रजवार, चुन्नीलाल केवट, सुलेंद्र घासी, हेमंत प्रजापति, गौरी शंकर सिंह, छोटेलाल बेसरा व अन्य मौजूद थे।



## बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को सुबोधकांत सहाय ने दी नववर्ष की बधाई

**रांचीः** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर श्री सहाय ने राज्यपाल को नव वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी।

## 1990 बैच के विद्यार्थियों का वनभोज सह मिलन समारोह

**बोकारो :** बोकारो के सेक्टर 12 हाइ स्कूल के 1990 बैच के विद्यार्थियों द्वारा पारिवारिक पिकनिक का आयोजन सिटी पार्क में किया गया। जिसमें देश विदेश के विद्यार्थियों ने परिवार समेत हिस्सा लिया। पिकनिक में मनोरंजन के सभी साधन उपलब्ध करवाया गया था। सभी विद्यार्थियों ने एक दूसरे से मिलकर अपने पुराने दिनों को याद करते हुए अपने विचार साझा किया। सभी लगभग 40 परिवार को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आयोजक मंडली की ओर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने सभी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। आयोजक मंडली में संतोष कुमार राय, सुनील कुमार सिंह, उमा शंकर, मिथलेश झा, दिलीप चैटर्जी, संतोष कुमार, अरुणिमा, सुनीता साहनी, श्यामली, जितेंद्र कुमार, शिशिर कुमार सिंह, अजय साव, चंद्र भूषण, दुर्गा, सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण



**मांडरः** मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने टांगर बसली पंचायत के ग्राम नारों में बढ़ती ठंड के मद्देनजर गरीब और असहाय बुजुर्गों के बीच कंबल वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान लगभग पचास कंबल जरूरतमंदों को प्रदान किए गए।

इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का ने कहा, मेरा हमेशा यह प्रयास रहता है कि ठंड के दौरान गरीब और असहाय लोगों को आवश्यक चीजें उपलब्ध कराई जाएं। यह मेरा सामाजिक दायित्व है और इसे निभाना मेरी प्राथमिकता है।

कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। मौके पर वार्ड सदस्य किरण टोप्पो, समाजसेवी महादेव उरांव, राजेंद्र उरांव और आबिद अंसारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

इस प्रकार के आयोजन से न केवल जरूरतमंदों को राहत मिली, बल्कि सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया गया। उपस्थित लोगों ने प्रखंड प्रमुख के इस पहल की सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहुंचे मंत्री योगेंद्र प्रसाद

**गोमिया :** पेयजल एवं स्वच्छता और उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद गोमिया प्रखंड के लटकुट्टा नाई टोला पहुंचे। यहां ललिता केंद्र समिति द्वारा आयोजित आनंद वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए उन्होंने आयोजन समिति को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखते हैं, बल्कि मानसिक मजबूती और आपसी संबंधों को भी सुदृढ़ करते हैं। साथ ही खेल हमें सिखाते हैं कि जीत या हार से ज्यादा मायने रखती है खेल भावना और सकारात्मक दृष्टिकोण। स्थानीय खेल प्रतिभाओं को उचित मंच देना हम सभी की जिम्मेदारी है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपना हुनर प्रदर्शित करने के साथ साथ उसे तरासने का भी एक बेहतर अवसर है। उन्होंने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खेल रहे सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मौके पर मंत्री ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान,झाकोमयु नेता शंकर पासवान, राहुल वर्णवाल, दीपक ठाकुर, अनिल कसेरा, रंजीत मोहसिल, उमेश ठाकुर, विक्की ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## युवक की गोलीमार हत्या

**बोकारोः** हजारीबाग में जिला डीसी कार्यालय के कोषागार में कार्यरत 35 वर्षीय पिंटू नायक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना कसमार थाना क्षेत्र के मधुकरपुर में हुई। दो अपराधियों ने छत के रास्ते घर में घुसकर पिंटू नायक के सीने में दो गोली मारीं। घटना रात करीब 11 बजे हुई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, पिंटू नायक शनिवार की देर शाम हजारीबाग से अपने गांव मधुकरपुर लौटे थे। रात करीब 11 बजे दो अपराधी बाइक से आए और छत के रास्ते घर में घुस गए। उन्होंने पिंटू नायक के सीने में दो गोली मारीं। घटना के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है और अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

पिंटू नायक के परिजनों ने बताया कि वह जिला कोषागार में कार्यरत थे और उनकी हत्या के पीछे कुछ बड़ी साजिश हो सकती है। उन्होंने पुलिस से मामले की गहराई से जांच करने की मांग की है।

# अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न, मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगात

मेट्रो रेज

**रांचीः** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने रायपुर छत्तीसगढ़ से कार्यक्रम से लौटने पर बताया कि रायपुर छत्तीसगढ़ प्रदेश में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह रायसहब स्व बलदेव प्रसाद साहु स्मृति भव्य मंच से ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न हुआ ,सम्मेलन में हजारों हजार लोगों की उपस्थिति थीं ।सम्मेलन स्थल पर कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंच में मौजूदगी हुई थी जो कार्यक्रम के अंत तक मंचासिन रहे। लोहरदगा झारखंड निवासी रायसहब स्व बलदेव प्रसाद साहु के पुत्र रांची के वरीय समाजसेवी



उदय शंकर प्रसाद साहु को समाज का सरउच्च सम्मान राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक गौरव सम्मान दिया गया, जिसे उन्हें रायपुर के कार्यक्रम स्थल स्व राय साहब बलदेव प्रसाद साहु स्मृति मंच पर उनकी स्वास्थ्य कारणों की अनुपस्थिति में झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता बीरेंद्र साहु ने छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कृषि मंत्री नेताम, छत्तीसगढ़ प्रदेश शौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति में राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक गौरव सम्मान ग्रहण किया। उदय शंकर प्रसाद साहु जी को राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक गौरव सम्मान मिलने की घोषणा होने मात्र से वहां मौजूद हजारों हजार की भीड़ ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरे कार्यक्रम स्थल पर जोरदार नारों का उद्घोष किया। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु एवं प्रदेश महामंत्री उमेश साहु ने संयुक्त रूप से रायपुर में बताया कि जल्द ही रांची में प्रदेश शौंडिक संघ के संरक्षक मंडल एवं पदाधिकारियों से सलाह विचार कर एक छोटा कार्यक्रम आयोजित कर पूरे प्रदेश संगठन की उपस्थिति में उदय शंकर प्रसाद साहु को छत्तीसगढ़ रायपुर में आयोजित अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह में मिले। राष्ट्रीय सुंडी शौंडिक गौरव सम्मान को सौंपा जाएगा। रायपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शौंडिक समाज को बड़ी सौगात देते हुए सामाजिक कार्य करने एवं समाज के अंतिम छोर तक सांस्कृतिक , शैक्षणिक, एवं सामाजिक विकास करने के लिए 5 एकड़ जमीन देने और भवन निर्माण कराने की घोषणा की है। उनके इस घोषणा से राष्ट्रीय सम्मेलन में पहुंचे हजारों हजार लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का सुंडी समाज के तरफ से आभार व्यक्त किया है। कार्यक्रम में शामिल होने झारखंड प्रदेश के 24 जिलों के सक्रीय लोगों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई थी।